# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2024





श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## राज्य अलंकरण एवं राज्योत्सव समापन समारोह

06 नवम्बर, 2024

राज्योत्सव स्थल, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़



मुख्य अतिथि
श्री जगदीप धनखड़
माननीय उप राष्ट्रपति

अध्यक्ष
श्री रमेन डेका
माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

अतिविशिष्ट अतिथि
डॉ. रमन सिंह
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा, छत्तीसगढ़





विशिष्ट अतिथि

श्री अरूण साव
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री विजय शर्मा
माननीय उप मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

श्री रामविचार नेताम, माननीय मंत्री
श्री दयाल दास बघेल, माननीय मंत्री
श्री केदार कश्यप, माननीय मंत्री
श्री लखन लाल देवांगन, माननीय मंत्री
श्री श्याम बिहारी जायसवाल, माननीय मंत्री
श्री ओ.पी. चौधरी, माननीय मंत्री
श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, माननीय मंत्री
श्री टंकराम वर्मा, माननीय मंत्री
डॉ. चरणदास महंत, माननीय नेता प्रतिपक्ष
श्री बृजमोहन अग्रवाल, माननीय सांसद
श्री राजेश मूणत, माननीय विधायक
श्री पुरन्दर मिश्रा, माननीय विधायक
श्री मोती लाल साहू, माननीय विधायक
श्री अनुज शर्मा, माननीय विधायक
श्री गुरू खुशवंत साहेब, माननीय विधायक
श्री इंद्र कुमार साहू, माननीय विधायक

एवं

समस्त माननीय सांसद, विधायक, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, माननीय महापौर की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित है।



आप सादर आमंत्रित हैं...

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए QR CODE स्कैन करें

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क


जिस पर है भोलेनाथ की कृपा
छत्तीसगढ़ महतारी की मया।
अलग है अंदाज- ए- बयां
लौह नगरी का दुलारा दया।।
बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के युवा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पार्षद, उपनेता प्रतिपक्ष, नगर निगम भिलाई
श्री दया सिंह जी
6 नवम्बर
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
विनीत : बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति, भिलाई

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


*राज्य अलंकरण सम्मान मिलना परिवार और बस्तर के लिए गर्व की बात : माथरा*

## अबूझमाड़ में बांस के जंगल को बूझा और हाथों में आ गया 'हुनर'

नारायणपुर जिला अबूझमाड़ के अलावा वहां बसने वाले जनजाति शिल्पकारों के लिए भी देश-विदेश में प्रसिद्ध है। पांचवीं तक पढ़े किसान परिवार के बुटलूराम माथरा बांस की कलाकृतियों में रंग भरकर उसे सुंदर रूप देकर जीवंत करने के लिए जाने जाते हैं। इस साल का शहीद वीरनारायण सिंह स्मृति सम्मान उनके सराहनीय योगदान के लिए राज्योत्सव पर दिया जाएगा। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि राज्य अलंकरण का सम्मान मेरे परिवार के साथ-साथ पूरे बस्तर के लिए गर्व की बात है। देवगांव मेरे दादा ने बसाया था, यहां बांस की प्रचुरता है, इसलिए बचपन से बांस कला के प्रति रुझान पैदा ▶▶| शेष पेज 2 पर



नारायणपुर

### 500 को सिखाई अपनी कला

*बुटलूराम ने कहा हस्तशिल्प विकास बोर्ड और ट्रायफेड से भी मेरे बनाए हुए सामान की बिक्री के लिए काफी मदद मिलती है। करीब 500 लोगों को मैने अपनी कला को सिखाया है। आज भी 35 से 40 लोग मेरे यहां शिल्प का काम करते हुए रोजगार पा रहे हैं। लोगों को रोजगार देना* ▶▶| शेष पेज 2 पर

## किसान की बेटी का कमाल, महिलाओं को सिखाया घरेलू हिंसा से लड़ना

किसान की बेटी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार को दूर करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देकर कमाल किया है। किसान की बेटी चित्रलेखा सिन्हा को इस कार्य के लिए बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2024 से सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। 6 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्योत्सव 2024 कार्यक्रम के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। जिसमें पुरस्कार के रूप में 2 लाख रुपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। दुर्ग के समीप ग्राम-नगपुरा निवासी चित्रलेखा सिन्हा ने हरिभूमि को बताया कि उन्होंने तीन सौ से ▶▶| शेष पेज 2 पर



दुर्ग

### रेडियो न्यूरो कास्टिंग के जरिए अभियान

चित्रलेखा सिन्हा एक मध्यवर्गीय परिवार से है, उनके पिता श्री खेमलाल सिन्हा कृषक है। माता राधिका सिन्हा गृहणी है। स्कूली शिक्षा गांव में सम्पन्न हुई तथा प्रारंभिक उच्च शिक्षा की पढ़ाई साइंस कॉलेज दुर्ग से की है। सामाजिक कार्य में रुचि होने के कारण अपना मास्टर्स समाजकार्य में दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव से किया है तथा एम फील ▶▶| शेष पेज 2 पर

मुंगेली जिला

## 37 सालों से पंथी नृत्य को संवार रहे हैं साधेलाल

पंथी नृत्य में विशेष सेवा और कला को संरक्षित जीवित रखने वाले मुंगेली जिले के 52 वर्षीय साधेलाल रात्रे को इस साल देवदास स्मृति पंथी नृत्य पुरस्कार सम्मान से नवाजा जा रहा है। 1987 से वह इस नृत्य के माध्यम से कला को देश और विदेश में फैला रहे हैं। उन्होंने सबके ज्योति पंथी पार्टी भी बनाई है। इस पार्टी में 18 सदस्य हैं जो की गीत ▶▶| शेष पेज 2 पर

कोटा

## मजदूर माता-पिता का बेटा बना नेशनल तीरंदाज

तीरंदाजी के लिए देश विदेश में नाम कमा चुके कोटा क्षेत्र के गांव शिवतराई के एक और लाल ने इस खेल में झंडा गाड़ा है। विकास गंधर्व को तीरंदाजी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए महाराजा प्रवीरचंद भंजदेव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। मजदूर माता पिता के बेटे विकास गंधर्व ने पिछले 7 सालों में 9 नेशनल, 12 राज्य स्तरीय ▶▶| शेष पेज 2 पर

## टाइगर ब्वाय चेंदरू के भाई को काष्ठकला ने पहुंचाया विदेशों तक

नारायणपुर जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर स्थित गढ़बेंगाल 40-50 साल पहले तब चर्चा में आया था, जब शेर से लड़ता हुआ चेंदरू पर विदेश में फिल्म बनी थी। इसी गांव के चेंदरू को लोग टाइगर ब्वाय के नाम से जानते हैं। आज चेंदरू के भाई पंडीराम मंडावी को राज्य अलंकरण सम्मान राज्योत्सव पर 6 नवंबर को राजधानी में मिलेगा। अपनी शिल्पकला के लिए पंडीराम काफी प्रसिद्धि पा चुके हैं। वे आदिवासी परंपरा और रीति रिवाज को लकड़ी पर उकेरते हुए जीवंत कर देते हैं। उनका बनाया हुआ काष्ठ कलाकृति इंग्लैंड के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के संग्रहालय में रखा गया है। हरिभूमि से चर्चा में पंडीराम ने कहा कि पिता मंदेर मंडावी से मैंने काष्ठकला सीखी। पिता अपनी इसी कला के लिए जापान जा चुके हैं। मैं 4 देश का भ्रमण कर चुका हूं। इटली 2 बार और ▶▶| शेष पेज 2 पर



जगदलपुर

भीतर देखें

सम्मानित विभूतियों से बातचीत

## खबर संक्षेप

### सलमान को एक और धमकी, मांगे पांच करोड़

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक और धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने उनसे पांच करोड़ रुपए की मांग की है। धमकी वाला यह संदेश मुंबई पुलिस की हेल्पलाइन पर आया है। एक अधिकारी को आधी रात के समय यह संदेश दिखा। धमकी देने वाले ने व्यक्ति ने दावा किया कि वह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई है।



### थाना परिसरों के अंदर मंदिर निर्माण पर रोक

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य के विभिन्न थानों के परिसरों में मंदिरों के निर्माण पर सोमवार को रोक लगा दी। कोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। बताया गया है कि मध्यप्रदेश के थानों के परिसरों में मंदिरों के निर्माण को चुनौती देने वाली याचिका पर पुलिस महानिदेशक और अन्य को नोटिस भी जारी किए।



### संजय वर्मा महाराष्ट्र के डीजीपी नियुक्त

**मुंबई।** आईपीएस अधिकारी संजय कुमार वर्मा को महाराष्ट्र का नया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया गया। विधि एवं प्रौद्योगिकी महानिदेशक के तौर पर सेवा दे रहे 1990 बैच के अधिकारी वर्मा रश्मि शुक्ला का स्थान लेंगे। प्रमुख विपक्षी दलों की शिकायतों के बाद निर्वाचन आयोग ने राज्य पुलिस प्रमुख के पद से शुक्ला को हटाने का निर्देश दिया था।



### बस की चपेट में आने से जवान समेत दो की मौत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मोनेस्ट्री मार्केट के पास डीटीसी की बस से कुचलकर दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल समेत दो लोगों की मौत हो गई। बस में तकनीकी खराबी के कारण चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके कारण यह घटना हुई। सोमवार रात डीटीसी चालक के वाहन से नियंत्रण खो देने के कारण बस फुटपाथ पर चढ़ गई।



### ओडिशा में चलती ट्रेन पर गोलीबारी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भद्रक जिले में एक चलती ट्रेन पर कुछ अज्ञात लोगों ने कथित रूप से गोलीबारी की। भद्रक जिले के चरंपा स्टेशन के निकट नंदन कानन एक्सप्रेस पर हुयी इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने नंदन कानन एक्सप्रेस को अपनी निगरानी में सुरक्षित पुरी तक पहुंचाया।



# एसी का कंप्रेसर फटा, आंबेडकर अस्पताल में आग

## ग्रिल काटकर बचाई मरीज-डॉक्टर की जान

**मंगलवार दोपहर की घटना, ट्रामा की ओटी में चल रहा था ऑपरेशन**







*प्रदेश के सबसे बड़े शासकीय अस्पताल आंबेडकर हास्पिटल में एसी का कंप्रेसर फटने से आग लग गई। धुआं तीसरी मंजिल स्थित न्यू ट्रामा वार्ड में भर गया और हड़कंप मच गया। घटना के वक्त ट्रामा की ओटी में ऑपरेशन चल रहा था, जहां मौजूद मरीज और धुएं से बेसुध हुए एक डॉक्टर को खिड़की की ग्रिल काटकर बाहर निकाला गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कुछ दिन पहले दिवाली होने की वजह से न्यू ट्रामा वार्ड में काफी कम संख्या में मरीज थे, इसलिए किसी तरह की बड़ी घटना नहीं हुई। जानकार लोगों का कहना है कि सामान्य दिनों में वहां काफी संख्या में मरीज भर्ती रहते हैं, ऐसी स्थिति में मामला गंभीर हो सकता था।

मंगलवार को दोपहर करीब ढाई बजे तीसरी मंजिल स्थित न्यू ट्रामा वार्ड में लगे एसी से लोगों ने धुआं उठते देखा। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, आग तेजी से बढ़ गई और उससे निकला धुआं पूरे गलियारे के साथ वार्ड के समीप ऑपरेशन थियेटर और स्टोर रूम में भरने लगा। उस वक्त ओटी में एक युवक के पैर की ▶▶| शेष पेज 2 पर

### तीन दमकल पहुंचीं, धुआं निकालने मशीन की मदद

अस्पताल से मिली सूचना पर करीब आधे घंटे बाद तीन दमकल वाहन आंबेडकर अस्पताल पहुंचे। बाहरी हिस्से से एसी में लगी आग को बुझाने पानी की बौछार की गई। इसके बाद फायर फाइटर तीसरी मंजिल पर पहुंचे, जहां दम घुटने वाली स्थिति में भरे धुएं को बाहर निकालने के लिए मशीन की मदद ली गई। ट्रामा यूनिट के साथ पूरे गलियारे में धुआं अधिक मात्रा में भर गया था।

### स्वास्थ्य मंत्री ने दिए जांच के निर्देश, मांगी रिपोर्ट

सूचना मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पहुंचे। मंत्री ने ट्रामा यूनिट का जायजा लिया और मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. विवेक चौधरी को घटना की जांच तकनीकी टीम से कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिए। चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य डॉक्टरों से घटना की जानकारी ली और तीन दिन के भीतर ट्रामा यूनिट की व्यवस्था को तीन दिन के भीतर दुरुस्त करने का निर्देश दिए।





### दोनों की स्थिति सामान्य

ऑपरेशन थियेटर से 22 वर्षीय मरीज साहिल टंडन को प्रथम तल के एचडीयू में शिफ्ट किया गया, उसकी स्थिति सामान्य है। वहीं धुएं की वजह से डॉ. सर्वप्रिय बेसुध हो गए थे, जिनकी हालत भी सामान्य हो गई है। घटना के वक्त ऑपरेशन थियेटर में कुछ अन्य डॉक्टर और चिकित्सकीय स्टाफ मौजूद थे, जिन्होंने दोनों को बाहर निकालने में प्रमुख भूमिका निभाई।

## 36 हस्तियों को राज्य अलंकरण सम्मान, उप राष्ट्रपति आज करेंगे सम्मानित

### पत्रकार भोलाराम, मोहन और मुकेश को पत्रकारिता सम्मान



भोलाराम सिन्हा | मुकेश एस सिंह | मोहन तिवारी | सुभाष चंद अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण सम्मान के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 36 विभूतियों को सम्मानित करने की घोषणा की है। 6 नवंबर को नवा रायपुर के राज्योत्सव स्थल पर आयोजित गरिमामय समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इन विभूतियों को मंच से सम्मानित करेंगे। 16 अलग-अलग विभागों द्वारा राज्य अलंकरण सम्मान के लिए मंगाई गई प्रविष्टियों में जूरी की अनुशंसा पर राज्य शासन ने विचार कर 36 विभूतियों के नाम का चयन किया है। उप मुख्यमंत्री ▶▶| शेष पेज 2 पर



हिंदी साहित्यकार डॉ. सत्यभामा आडिल को पंडित सुंदरलाल शर्मा सम्मान

### राज्य अलंकरण सम्मान इस तरह

- *शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति सम्मान :* बुटलूराम माथरा मुरूमपारा जिला- नारायणपुर।
- *यतियतन लाल सम्मान :* डॉ. अखिल जैन, मनोहर गौशाला खैरागढ़।
- *गुंडाधूर सम्मान :* छोटी मेहरा, पंडरिया -जिला कबीरधाम।
- *मिनीमाता सम्मान :* पार्वती ढीढ़ी, सतनामी महिला जागृति समिति कोहका- दुर्ग।
- *गुरु घासीदास सम्मान :* राजेंद्र रंगीला तेलीबांधा, रायपुर।
- *ठाकुर प्यारेलाल सिंह पुरस्कार :* शशिकांत द्विवेदी डोंगरगढ़, राजनांदगांव।
- *महराजा प्रवीर भंजदेव सम्मान :* विकास कुमार शिवतराई कोटा -जिला बिलासपुर।
- *पंडित रविशंकर शुक्ल सम्मान :* उमेश कच्छप अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर नगर।
- दानवीर भामाशाह सम्मान : सुभाषचंद्र अग्रवाल वीआईपी रोड रायपुर।

▶▶| शेष पेज 2 पर

**लूट की नीयत से आए दो नकाबपोश**

## एसबीआई के कियोस्क सेंटर में फायरिंग, बुजुर्ग महिला की मौत

हरिभूमि ▶▶| जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल थाना क्षेत्र के ग्राम बटईकेला में दिनदहाड़े गोलीबारी को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि गांव में स्थित एक एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर लूट की नीयत से दो नक़ाबपोश बदमाशों ने फ़ायरिंग की। इस दौरान संचालक की दादी अपने पोते को बचाने के लिए सामने आईं तो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना में संचालक के गंभीर रूप से घायल होने की ख़बर है। उसे इलाज के लिए कांसाबेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। आरोपी अभी तक फ़रार हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर आरोपियों की ▶▶| शेष पेज 2 पर





### मौके पर पहुंचे एसपी

घटना की सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, एडीशनल एसपी निमिषा पांडेय, विजय सिंह राजपूत घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में नाकाबंदी कराई गई है। सघन सर्चिंग करते हुए आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। घटनास्थल पर डॉग स्क्वायड की टीम को बुलाया गया है। घायल का कांसाबेल अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। फोरेंसिक टीम मौके के लिए रवाना हो गई है।

### तंत्र-मंत्र के चक्कर में 4 का मर्डर

**वाराणसी।** यहां भेलूपुर थाना अंतर्गत भदैनी क्षेत्र में एक युवक ने अपने ही परिवार के चार लोगों की गोली मारकर की हत्या कर दी और खुद आत्महत्या कर ली है। शराब कारोबारी राजेंद्र ने अपनी पत्नी और तीन बच्चों को मौत घाट उतार दिया। इसके बाद दूसरे घर पर जाकर खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतकों में पत्नी नीतू गुप्ता (45), बेटा नवनीत गुप्ता (25), बेटा सुभेंदर गुप्ता (15) और बेटी गौरंगी गुप्ता (16) शामिल हैं।

**राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, संसदीय कार्यमंत्री ने किया ऐलान**

## शीत सत्र 25 से, पेश होगा एक राष्ट्र-एक चुनाव बिल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से आरंभ होकर 20 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र के दौरान सरकार 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक और वक्फ संशोधन विधेयक भी पेश कर सकती है, जिसकी समीक्षा फिलहाल जेपीसी कर रहा है। हाल ही में, पीएम मोदी ने संकेत दिया था कि सरकार 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की दिशा में काम कर रही है, जो लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव लाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने ▶▶| शेष पेज 2 पर



### जेपीसी रिपोर्ट तैयार करने में जुटी

सत्र के दौरान हालांकि कई विधेयक पेश किए जाएंगे, मगर सबकी निगाहें वक्फ विधेयक और एक देश एक चुनाव विधेयक पर होगी। वक्फ विधेयक पर सरकार और विपक्ष के बीच जारी जबर्दस्त खींचतान के बीच संयुक्त संसदीय समिति रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। दूसरी ओर एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है।

### संसद में इन मुद्दों पर चर्चा के आसार

इससे पहले दो नवंबर को आई सूचना के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र में 'वन नेशन वन इलेक्शन' और वक्फ कानून में संशोधन के लिए पेश विधेयक पर चर्चा के आसार हैं। विपक्ष के आक्रामक तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। गौरतलब है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है।

### चीन से समझौते पर विदेश मंत्री देंगे बयान

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर करीब चार साल से जारी तनातनी के बीच चीन से बनी सहमति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर संसद के दोनों सदनों में बयान देंगे। गौरतलब है कि लंबी खींचतान के बाद एलएसी पर दोनों देशों की सेना ने गश्त की शुरुआत की है। इसके अलावा इसी सत्र में जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने संबंधी विधेयक के भी पेश होने के आसार हैं।




चिंतन

# अमेरिकी नतीजे पर दुनिया की नजरें

अमेरिकी जनता ने अपना राष्ट्रपति चुन लिया है। आज पांच नवंबर को हुए राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस और रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। मतदान से पूर्व के सभी सर्वेक्षणों में हैरिस व ट्रंप के बीच नेक टू नेक फाइट का अनुमान है। बहुत कम मार्जिन से हैरिस आगे हैं। यूं तो अमेरिका में भी दूसरे मुल्कों की तरह कमोबेश महंगाई, सुरक्षा, समुदायगत वर्गभेद, गर्भपात के अधिकार, स्वास्थ्य सेवा, रोजगार, अमेरिकी बनाम बाहरी, आव्रजन आदि मुद्दे चुनाव के दौरान मुखर रहे हैं, इसके बावजूद आर्थिक महाशक्ति व सबसे पुराना लोकतंत्र होने के नाते दुनिया की नजरें इस राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम पर हैं। भारतीय मूल की कमला हैरिस राष्ट्रपति बनेंगी तो अमेरिका नया इतिहास रचेगा। बराक ओबामा के बाद वह दूसरी राष्ट्रपति होंगी जो गैर अमेरिकी मूल की हैं। कोई महिला पहली बार अमेरिका की राष्ट्रपति बनेंगी, हिलेरी क्लिंटन बनते-बनते रह गई थीं। हैरिस ने गर्भपात अधिकार और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बड़ा वादा किया है। अमेरिका भर में अनेक महिलाएं सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले से स्तब्ध हैं, जिसमें गर्भपात के उनके लंबे समय से चले आ रहे संवैधानिक अधिकार को छीन लिया गया है। अब इस पर नीतियों का निर्धारण राज्य स्तर पर हो रहा है। कई सर्वेक्षणों से पता चलता है कि मतदाता प्रजनन अधिकारों के मामले में ट्रंप की तुलना में हैरिस पर अधिक भरोसा करते हैं। अमेरिकी लोकतंत्र का भविष्य इस चुनाव में बड़ा मुद्दा रहा है। एक नए सर्वेक्षण में आधे से ज्यादा मतदाता ट्रंप को अमेरिकी लोकतंत्र के लिए खतरे के तौर पर देखते हैं। हैरिस ने बाजी पलटने, विभाजन को दूर करने और रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स को फिर से एक साथ काम करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया है। अर्थव्यवस्था को सुधारने, आव्रजन नीति, अमेरिकी फर्स्ट, यूक्रेन जंग, इजराइल संघर्ष, ट्रेडवार आदि मुद्दे पर ट्रंप को बढ़त है। कमला की अनुकूलता रेटिंग 46 प्रतिशत है, तो ट्रंप की 43 प्रतिशत। सुस्त अर्थव्यवस्था, घरेलू बजट, जीवन-यापन की बढ़ती लागत, स्वास्थ्य खर्च, रोजगार और भविष्य में आर्थिक सुरक्षा को लेकर मतदाताओं की चिंताएं मुखर हैं। घर खर्च से लेकर ईंधन के दामों तक में पिछले चार वर्षों के दौरान वृद्धि हुई है। अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर 'स्विंग' राज्यों के मतदाता मानते हैं कि ट्रंप इस मुद्दे से निपटने में ज्यादा बेहतर हैं और उन्हें इस पर करीब 15 प्रतिशत की बढ़त है। आव्रजन एक और मुद्दा है, जिस पर ट्रंप फायदे में हैं। ट्रंप जीतेंगे तो दूसरी बार राष्ट्रपति बनेंगे। नतीजों को प्रभावित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण स्विंग स्टेट-औद्योगिक मध्य-पश्चिम में पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, विस्कॉन्सिन; पश्चिम में नेवादा और एरिजोना; और दक्षिण में जॉर्जिया और उत्तरी कैरोलिना- में मुकाबला असाधारण रूप से करीबी है। न्यूयॉर्क टाइम्स/सिएना के अंतिम सर्वेक्षण में कमला हैरिस सभी 'स्विंग' राज्यों में पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से बहुत कम अंतर से आगे हैं या लगभग बराबरी पर हैं। अपवाद एरिजोना है, जहां ट्रंप कुछ प्रतिशत अंकों से आगे हैं। इनमें कुल 93 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हैं। एक सफल उम्मीदवार को उपलब्ध 538 इलेक्टोरल वोटों में से 270 की आवश्यकता होती है। बहुत रिपब्लिकन भी ट्रंप को नहीं चाहते हैं। यह बात उनके खिलाफ जा सकती है। अमेरिका में विजयी जो भी हों, भारत के संबंध पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# नए संवत में अच्छी आर्थिकी का शगुन

प्रमुख थोक बाजार और मंडियों में दुकानों के मुहूर्त में खोले जाने, बाजार और मंडियों में सामूहिक पूजा-आरती और अन्नकूट के आयोजन के साथ नए माल की खरीद-बिक्री शुभ मुहूर्त में अपेक्षाकृत अच्छे दामों पर की गई। कुल मिलाकर देशभर के बाजारों में नए संवत में अच्छे कारोबार और अच्छी आर्थिकी के शगुन उभरकर सामने आए हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है तथा निवेश और निजी खपत इसकी वृद्धि को गति दे रहे हैं। रिपोर्ट में भारत की विकास दर को पहले के 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक है।

यकीनन दीपावली के बाद नए संवत 2081 में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती संबंधी शुभ संकेत उभरकर सामने आ रहे हैं। देश के कोने-कोने में दीपावली के बाद बंद हुए प्रमुख थोक बाजार और मंडियों में दुकानों के मुहूर्त में खोले जाने, बाजार और मंडियों में सामूहिक पूजा-आरती और अन्नकूट के आयोजन के साथ नए माल की खरीद-बिक्री शुभ मुहूर्त में अपेक्षाकृत अच्छे दामों पर की गई। कुल मिलाकर देशभर के बाजारों में नए संवत में अच्छे कारोबार और अच्छी आर्थिकी के शगुन उभरकर सामने आए हैं। गौरतलब है कि एक नवंबर को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट 'एशिया प्रशांत के लिए क्षेत्रीय आर्थिक अनुमान 2024' में कहा गया है कि भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है तथा निवेश और निजी खपत इसकी वृद्धि को गति दे रहे हैं। रिपोर्ट में भारत की विकास दर को पहले के 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि आर्थिक परिदृश्य सकारात्मक है। देश कृषि, उद्योग-कारोबार, बैंकिंग क्षेत्र और गैर बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र प्रणाली के स्तर पर काफी मजबूत बना हुआ है। विकास और मुद्रास्फीति का संतुलन बेहतर है। यद्यपि भूराजनीतिक संकट, भू आर्थिक बिखराव और किसी तरह की चरम मौसमी घटनाएं, जो बाहरी मांग को प्रभावित कर सकती है और ये भारत की वृद्धि के लिए एक तरह की बड़ी जोखिम होंगी, लेकिन भारत अपने मजबूत आर्थिक घटकों से उनके मुकाबले में सक्षम होगा। उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में महंगाई में नरमी आएगी और वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की अर्थव्यवस्था 7.2 फीसदी की रफ्तार से बढ़ेगी।

उल्लेखनीय है कि इस समय ग्लोबल फंड का भारतीय बांड में किया जा रहा निवेश उभरते बाजारों में ऊंचाई पर रेखांकित हो रहा है। पिछले वर्ष 2023 में भारतीय बांड में जो विदेश निवेश 70,627 करोड़ रुपये का था, वह इस वर्ष 2024 में करीब 88 प्रतिशत बढ़कर अक्टूबर तक 1.33 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। निश्चित रूप से नए संवत 2081 में भारत की विकास दर उभरते हुए देशों की तुलना में ऊंचाई पर होगी। नए संवत 2081 में स्थानीय और घरेलू बाजार की मजबूती अर्थव्यवस्था के लिए लाभप्रद होगी। पिछले 10 साल में देश जिस तेजी से आत्मनिर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल के मंत्र के साथ आगे बढ़ा है, उससे हमारे स्थानीय और घरेलू बाजार मजबूत हुए हैं। इस समय वैश्विक अर्थव्यवस्था में चमकते हुए सितारे के रूप में रेखांकित हो रही भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में भारत के घरेलू बाजार की अहम भूमिका है। इस वर्ष दीपावली और इससे जुड़े त्योहारों पर देशभर के घरेलू और स्थानीय बाजारों में भारी मांग देखी गई है। चीनी उत्पादों की जगह घरेलू उत्पादों को प्रोत्साहन मिला है। डेलॉइट इंडिया की इंडियाज होम एंड हाउसहोल्ड मार्केट रिपोर्ट 2024 में कहा गया है कि भारत का घरेलू बाजार 10 फीसदी से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है और वर्ष 2030 तक यह लगभग 237 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंच सकता है। निःसंदेह नए संवत 2081 में कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। देश में कृषि उन्नयन,




खेती में नवाचार को प्रोत्साहन देने, लागत को कम करते हुए उत्पादन के साथ ही किसानों की आय बढ़ाने का अभूतपूर्व अभियान आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे सकेगा। इसमें कोई दोमत नहीं है कि सरकार को इस वर्ष जो बेहतर मानसून विरासत में मिला है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था रफ्तार से बढ़ रही है। बेहतर मानसून से ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ रही है। देश को इस सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ाने और चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पीएलआई स्कीम के और अधिक अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। इस समय जब दुनिया में वैश्विक संघर्षों से उथल-पुथल मची हुई है, तब भारत नए संवत 2081 में दुनिया के लिए उम्मीद की एक किरण के रूप में दिखाई दे रहा है। जहां भारत गरीबी जैसी चुनौतियों को कम करते हुए हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा, वहीं दुनिया की मदद करते हुए दुनिया में आशा का संचार भी करेगा। यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि वैश्विक संघर्ष की अनिश्चितता के बीच भी दुनिया का भारत पर असाधारण आर्थिक विश्वास बना हुआ है। दुनिया की नजरों में यह युग भारत का युग है। नए संवत 2081 में यह भी दिखाई दे सकेगा कि एक ओर भारत अपने भरपूर खाद्यान्न भंडारों से देश के लोगों की खाद्य सुरक्षा निश्चित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दुनिया की खाद्य सुरक्षा में मददगार बना हुआ है। कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय से भारत में 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न दिए जाने का बेमिसाल अभियान चलाया जा रहा हैं और इससे देश में अत्यधिक गरीबी में कमी आ रही है। हाल ही में विश्व बैंक ने गरीबी अवलोकन और विकास रिपोर्ट 2024 में बताया है कि भारत में अत्यधिक गरीबी में कमी आई है। इस समय वैश्विक आबादी के करीब 70 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी यानी 181 रुपये (करीब 2.15 डॉलर) प्रतिदिन से कम पर जीवनयापन कर रहे हैं। भारत में अत्यधिक गरीबों की संख्या 2021 में 16.74 करोड़ थी, वह इस वर्ष 2024 में करीब 12.9 करोड़ रह गई है। नए संवत 2081 में देश में गरीबी में और कमी आने की संभावनाएं हैं। निश्चित रूप से वैश्विक खाद्यान्न संकट के बीच भारत की वैश्विक खाद्य सुरक्षा में मददगार देश की भूमिका बढ़ते हुए दिखाई दे सकती है।

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम तथा कई देशों के अनुरोध पर भारत ने गैर बासमती चावल यानी सफेद चावल के निर्यात पर जुलाई 2023 से लगाई गई रोक को हटा लिया है। भारत के इस निर्णय से दुनिया के कोने-कोने में चावल आयातक देशों के करोड़ों उपभोक्ताओं को राहत मिली है। जहां भारत दुनिया के 150 से अधिक देशों के लोगों की खाद्य जरूरतों के लिए खाद्य निर्यात करता है, वहीं 185 से अधिक देशों के करोड़ों लोगों के लिए सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाइयों की आपूर्ति करने वाला विश्वसनीय देश भी है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि नए संवत में पश्चिम एशिया में युद्ध के बढ़ने पर शेयर बाजार में तेज गिरावट और महंगाई की चुनौतियों के बीच भी भारत अपने मजबूत आर्थिक घटकों और ऊंचाई पर स्थित 700 अरब डॉलर से अधिक के मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार से किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम होगा। हम उम्मीद करें कि नए संवत में भारतीय शेयर बाजार की राह कठिन नहीं होगी, कारपोरेट आय को बढ़ावा मिलेगा और शेयर बाजार को सर्वोच्च ऊंचाई पर पहुंचाने में घरेलू फंडों की अहम भूमिका होगी। सरकार द्वारा कृषि सुधारों, मेक इन इंडिया, निर्यात बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्रों की आमदनी बढ़ाने के रणनीतिक प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा देश का आम आदमी भी विकास की डगर पर आगे बढ़ेगा।

*(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श

विवेक शुक्ला



# तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों की सांकेतिक मौजूदगी भारत में


अमेरिका में 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुआ है। मतगणना के बाद पता चलेगा कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होंगे या भारतवंशी कमला हैरिस। पर राजधानी दिल्ली में एक नहीं बल्कि तीन अमेरिकी राष्ट्रपति सांकेतिक रूप से मौजूद हैं। ये तीनों राष्ट्रपति के रूप में कभी भारत में नहीं आए। अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन. एफ कैनेडी व्हाइट हाउस में रहते हुए तो कभी भारत की यात्रा पर नहीं आए थे। पर उनके नाम पर खुशबू बिखेरता एक प्रतीक राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान ( पहले मुगल गार्डन) में है। कैनेडी नाम के गुलाब के फूलों की एक प्रजाति अमृत उद्यान के मालियों ने उनकी हत्या के बाद विकसित की थी। आपको कैनेडी गुलाब को देखने के बाद अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के नाम पर गुलाब की प्रजाति को अमृत उद्यान में देखना होगा। मतलब अमेरिका के दो महान राष्ट्रपति भारत के राष्ट्रपति भवन में स्थायी रूप से अपनी स्थायी उपस्थिति दर्ज करवा रहे हैं। कैनेडी को 1964 के शुरू में भारत की सरकारी यात्रा पर आना था। तब उनका राजधानी में 1959 के अंत में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग को देखने का कार्यक्रम तय था। बीसवी सदी के महानतम आर्किटेक्ट माने जाने वाले फ्रेंक लायड राइट कहते थे कि स्थापत्य की दृष्टि से अमेरिकी एंबेसी अद्वितीय है। जाहिर है, राइट की टिप्पणी के बाद कैनेडी को पता चल ही गया होगा कि नई दिल्ली में बनी अमेरिकी एंबेसी बिल्डिंग अमेरिकी आर्किटेक्ट एडवर्ड डुरेल स्टोन की रचनाधर्मिता का चरम है। सच में 27 एकड़ में बनी अमेरिकी एंबेसी अपने आप में उत्कृष्ट है। कैनेडी इसे देखकर प्रसन्न अवश्य होते। पर अफसोस कि कैनेडी की 22 नवंबर,1963 को डलास में हत्या कर दी गई। इस तरह वे राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भारत नहीं आ सके। वे 1955 में भारत घूमने के लिए आए थे। पर श्रीमती जैकलीन कैनेडी 12-21 मार्च,1962 को भारत यात्रा पर आईं थीं।

अमेरिका के 32वें राष्ट्रपति फ्रैंकलिन रूजवेल्ट के नाम पर है रूजवेल्ट हाउस है। नई दिल्ली में अमेरिकी राजदूत के आवास को रूजवेल्ट हाउस कहते हैं। रूजवेल्ट हाउस में कला, साहित्य, विज्ञान और अन्य क्षेत्रों की हस्तियों को अमेरिकी राजदूत आमंत्रित करते हैं। रूजवेल्ट भी कभी भारत नहीं आए। वे भारत की आजादी को लेकर गंभीर थे। उन्हें महात्मा गांधी ने 1 जुलाई 1942 को एक पत्र लिखकर कहा था कि वे युद्ध से घृणा करते हैं और ब्रिटेन को भारत से तत्काल अपना शासन हटा लेना चाहिए। इस पत्र को संदेशवाहक के रूप में गांधी जी के भावी जीवनीकार लुई फिशर अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट के पास लेकर गए थे। रूजवेल्ट ने 1 अगस्त 1942 को सकारात्मक जवाब दिया। गांधी जी ने पत्र इसलिए लिखा था ताकि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर भारत को आजादी दिलवाने में मदद करेंगे। मतलब भारत छोड़ो आंदोलन से ठीक पहले गांधी जी अन्य विकल्पों को देख रहे थे। रूजवेल्ट ने आगे चलकर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल से कहा भी था कि वे भारत को स्वतंत्र करें। अगर कमला हैरिस अमेरिका की राष्ट्रपति बनी और फिर वह नई दिल्ली का दौरा करती हैं, तो वह भारत का दौरा करने वाले अपने देश के डी. आइजनहावर (1959), रिचर्ड एम. निक्सन (1969), जिमी कार्टर (1978), बिल क्लिंटन (2000), जॉर्ज डब्ल्यू. बुश (2006), बराक ओबामा - 2010 और 2015, डोनाल्ड ट्रंप (2020) और जो बिडेन (2023) जैसे राष्ट्रपतियों की सूची में शामिल हो जाएंगी।

इस बीच, कई चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति चुनाव में विजयी होते दिखाया गया है। वे भारत के मित्र के रूप में अपने को स्थापित करते जा रहे हैं। वे 2020 में भारत आए थे। वे तब राजघाट भी गए थे। पर वे गांधी जी की समाधि पर कोई पौधा नहीं लगा सके थे। अमेरिका के राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने अपनी 2005 की यात्रा के समय राजघाट पर एक पौधा अवश्य लगाया था। अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने 2015 में बापू की समाधि राजघाट पर बोधि वृक्ष का पौधा लगाया था। माना जाता है कि बोधगया में बोधि पेड़ के नीचे तपस्या कर रहे गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। तब से बोधि पेड़ का अलग स्थान है। यह शांति का प्रतीक माना जाता है। हालांकि ओबामा ने तब इधर कोई पौधा नहीं लगाया था, जब वे यहां 2010 में आए थे। हालांकि वे इधर काफी समय ठहरे थे। उन्हें संपूर्ण गांधी साहित्य भेंट किया गया था। राजघाट में अंतिम पौधा 11 फरवरी 2016 को अबू धाबी के युवराज व संयुक्त अरब अमीरात के सर्वोच्च उप सेनाध्यक्ष मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान द्वारा मोलश्री का पौधा लगाया गया था।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित

दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- *कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।*

## जिन लोगों में मतभेद वे कभी सफल नहीं होते



संकलित

प्रेरणा

महाभारत में पांडव कौरवों से जुए में सब कुछ हार गए थे। इस हार के बाद ये तय हुआ था कि पांडव जब 12 वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास करके लौटेंगे तब कौरव पांडवों को इनका राज्य वापस लौटा देंगे। पांडवों ने अपना वनवास और अज्ञातवास पूरा कर लिया तो वे अपना राज्य वापस मांगने कौरवों के पास पहुंचे, लेकिन दुर्योधन ने पांडवों को राज्य देने से मना कर दिया। बहुत कोशिशों के बाद भी दुर्योधन पांडवों को एक गांव तक देने के लिए तैयार नहीं हुआ। इसके बाद पांडवों के सामने सिर्फ युद्ध करने का एक मात्र उपाय बचा था। पांडवों ने युद्ध के लिए तैयारी शुरू कर दी। कौरव सेना में भीष्म, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण जैसे योद्धा थे। विरोधी पक्ष में सभी पांडवों के रिश्तेदार ही थे। उनकी सेना बहुत बड़ी थी। पांडवों ने विचार किया कि हम तो सिर्फ पांच भाई ही हैं। हमारे पास सेना भी नहीं है, तो हम कौरवों की विशाल सेना का सामना कैसे करेंगे। श्रीकृष्ण ने पांडवों को समझाया कि कौरव पक्ष में भले ही बड़े-बड़े योद्धा हैं, लेकिन सभी के बीच मतभेद हैं। भीष्म कर्ण को पसंद नहीं करते, द्रोण दुर्योधन को पसंद नहीं करते। दुर्योधन भीष्म और द्रोण को अपमानित करते रहता है। जबकि आप पांचों भाई एक साथ हैं, आपके बीच एकता है। जहां एकता होती है, जीत भी वहीं होती है। श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि जहां मतभेद होते हैं, वहां सफलता नहीं होती है। लेकिन मतभेदों के चलते सभी एक मत होकर पांडवों से युद्ध नहीं लड़ सके और अंत में पांडवों की जीत हुई।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### कीवी से मिली हार पर मंथन करे टीम इंडिया

हाल ही में हमारे देश की क्रिकेट टीम को टेस्ट मैच में अपने घर में ही लगभग 24 वर्षों बाद न्यूजीलैंड ने हरा दिया। इस हार के बाद टीम इंडिया की कुछ लोगों द्वारा निंदा भी की जा रही है। इस बार फिर देश के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों को निराशा हाथ लगी। भारतीय टीम की हार की वजह अति आत्मविश्वास भी हो सकता है। हमारे देश की क्रिकेट टीम के अब तक जो भी कप्तान रहे हैं, सभी के नेतृत्व में टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन भी किया है, हालांकि कभी-कभी हार का भी सामना करना पड़ा है। खेल में हार-जीत चलती रहती है। जब दो टीमें खेल के मैदान में उतरती हैं तो एक के पाले में जीत और दूसरी के पाले में हार पड़ती है। खेल को खेल की भावना से लेना या देखना चाहिए। टीम इंडिया हार पर मंथन करे। *- भावेश सोनी, बालोद*

## करंट अफेयर

### ईरान के विदेश मंत्री चर्चा के लिए पाकिस्तान पहुंचे

पश्चिम एशिया में व्याप्त तनाव और द्विपक्षीय संबंधों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए ईरान के विदेश मंत्री मंगलवार को दो दिवसीय सरकारी दौरे पर इस्लामाबाद पहुंचे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का विमान आधी रात के बाद इस्लामाबाद के पास एक हवाई अड्डे पर उतरा जहां पाकिस्तान के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। वह मंगलवार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री इशाक डार और विदेश मंत्रालय के अन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। ईरान के विदेश मंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है, जब उसके और इजराइल के बीच गतिरोध बढ़ रहा है। ईरानी अधिकारी 26 अक्टूबर को अपने यहां इजराइल द्वारा किए गए हमले के बाद उसके खिलाफ एक और हमला करने की धमकी दे रहे हैं। 26 अक्टूबर के हमले में सैन्य ठिकानों और अन्य स्थानों को निशाना बनाया गया था जिसमें कम से कम पांच लोग मारे गए थे। पाकिस्तान ने तब इजराइल के हमलों की निंदा की थी।



## ऑफ बीट

### साइबेरिया में बन रहे बड़े बड़े गड्ढों का क्या रहस्य

रूस का एक विशाल और ठंडा क्षेत्र साइबेरिया इस वक्त दुनिया के लिए रहस्यमयी बना हुआ है। हाल के वर्षों में यहां कई बड़े गड्ढों के निर्माण ने दुनिया को चिंता में डाल दिया है। रूस में इन गड्ढों को 'बुल्गा' कहा जाता है। वैज्ञानिकों और भूवैज्ञानिकों की टीम अब इस रहस्य को सुलझाने में लग गई है कि आखिर ये हो क्यों रहा है और इससे पृथ्वी पर किस तरह का प्रभाव पड़ रहा है। साइबेरिया में बड़े गड्ढों का निर्माण मुख्य रूप से पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने के कारण हो रहा है। पर्माफ्रॉस्ट के बारे में अगर आप नहीं जानते, तो आपको बता दें कि पर्माफ्रॉस्ट वह परत है जो स्थायी रूप से जमी रहती है और इसमें हजारों वर्षों से कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन गैसें कैद होती हैं। पृथ्वी पर जब जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान बढ़ता है, तो यह पर्माफ्रॉस्ट पिघलने लगता है और फिर बड़े-बड़े गड्ढे बनने लगते हैं। दरअसल, जब पर्माफ्रॉस्ट पिघलता है तो उसमें कैद कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन गैसें बाहर निकलने लगती हैं। यह गैसें धीरे-धीरे जमीन के अंदर दबाव बनाती हैं और जब यह दबाव बहुत ज्यादा हो जाता है, तो यह जमीन की सतह को उड़ा देता है।



## ट्रेंड

### कनाडाई सरकार से उम्मीद

मैं कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने की कायरतापूर्ण कोशिशें भी उतनी ही भयावह हैं। हम उम्मीद करते हैं कि कनाडाई सरकार न्याय सुनिश्चित करेगी और कानून का शासन कायम रखेगी।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### सही तरीके से अमल जरूरी

यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड कानून-2004 को वैध व संवैधानिक करार देने के फैसले का स्वागत। इससे यूपी में मदरसा शिक्षा को लेकर उपजे विवाद व हजारों मदरसों की अनिश्चितता अब समाप्त होने की संभावना। इस पर सही तरीके से अमल जरूरी।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**



### बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार

भारत अब अमेरिका और जर्मनी जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए विश्व स्तर पर चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार रखता है। नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व ने भारत को सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाया है।


**- स्मृति ईरानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री**



### संघर्ष को जारी रखिए

जब आपके पात्र अपना स्वयं का दिमाग विकसित करते हैं और आप उनके कार्यों, उनके भाग्य को नियंत्रित करने में असमर्थ हैं, तभी एक अच्छी कहानी आती है। अपने पात्रों और अपने संघर्ष को जारी रखिए।

**- शेखर कपूर, फिल्मकार**



### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

**रायपुर**

रायपुर, बुधवार 6 नवंबर 2024

कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी

वर्ष : 23, अंक : 110

पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

**मौसम** अधि. 33.0 न्यून. 20.2

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

## नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ, आज खरना



**नई दिल्ली।** कांच ही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाय.., केलवा जे फरेला घवद से उहे पर सुगा मंडराय, मारबउ रे सुगवा धनुष से.. जैसे लोक आस्था के गीतों के साथ महापर्व छठ मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। मंगलवार सुबह व्रतियों ने स्नान कर सात्विक भोजन के रूप में आरवा-चालव, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का भोग लगाकर ग्रहण किया। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर मंगलवार को छठ महापर्व शुरू हुआ। पहले दिन व्रतियों ने पूरे घर की साफ- सफाई कर स्नान किया। उसके बाद आरवा-चालव, चने की दाल और कद्दू की सब्जी बनाकर उसका भोग भगवान सूर्य को लगाया गया। भोग लगाने के बाद प्रसाद को ग्रहण किया और पारिवारिक सदस्यों को भी वितरित किया।

### चार दिन का छठ महापर्व

चार दिन तक चलने वाले छठ पर्व में बुधवार को सूर्य अस्त होने पर व्रतियां खरना करेंगी। इसके बाद गुरुवार को शाम 5:27 बजे अस्तांचलगामी भास्कर (डूबते हुए सूर्य) को अर्घ्य दिया जाएगा। शुक्रवार को सुबह 6:37 बजे उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर छठ महापर्व का समापन होगा। दिनभर व्रत के बाद व्रती रात को पूजा के बाद गुड़ से बनी खीर खाकर उसके बाद से 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू करती हैं।

# बदलेगा मंत्रियों का पता, नवा रायपुर में बंगले के लिए चिट्ठी, उद्योग मंत्री को भी मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों के नए बंगले तैयार हो गए हैं। मुख्यमंत्री के गृह प्रवेश करने के बाद अब कई मंत्रियों ने यहां पर बंगले आवंटन के लिए संपदा विभाग को लिखा है। सभी मंत्रियों को बंगला आवंटन होने के बाद नए साल तक यहां पर शिफ्ट होने की संभावना है। पिछले दिनों संपदा विभाग ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के आवेदन पर उन्हें सेक्टर 24 में बंगले का आवंटन किया है। उनका नया बंगला मंत्री रामविचार नेताम के बंगले से लगा हुआ है। यहां पर मंत्री दयालदास बघेल और लक्ष्मी राजवाड़े को पहले ही आवंटन हो चुका है। अन्य मंत्रियों को आवंटन ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 65 करोड़ की लागत से बना है सीएम हाउस

छत्तीसगढ़ का नया सीएम हाउस 65 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हो रहा है। सीएम आवास की सुरक्षा के लिए हाइटेक तकनीकी का उपयोग किया गया है। इसके अलावा थियेटर, हेल्थ सेंटर, लाइब्रेरी जैसी कई सुविधाएं सीएम आवास में होंगी। मुख्यमंत्री निवास करीब 8 एकड़ में बनकर तैयार हो गया है। सीएम विष्णुदेव साय ने गृह प्रवेश कर लिया है। आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री यहां रहने लगेंगे साथ ही उनका कार्यालय भी यहां पर शिफ्ट होगा।

### मुख्यमंत्री की शिफ्टिंग के बाद मंत्रियों को आबंटित होने लगे बंगले



लखनलाल देवांगन
उद्योग मंत्री




### 591 करोड़ की लागत

सेक्टर 24 में राजभवन, स्पीकर हाउस, मंत्रियों व अफसरों के बंगले के साथ ही 164 आवास बनाए जा रहे हैं, इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी पुणे की कंपनी को दी गई थी। वहीं राजभवन का कैंपस 14 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें दरबार हॉल के अलावा सेक्रेटेरियट बिल्डिंग व स्टाफ क्वार्टर बने हुए हैं। कुल 591.75 करोड़ रुपए की लागत से इस काम को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप


### महाकुंभ में ड्रोन, रेलवे स्टेशन पर एफआर कैमरे

**प्रयागराज।** संगम नगरी में आगामी महाकुंभ मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरों के साथ ही पहली बार एफआर (फेस रिकग्निशन) कैमरे लगाए जाएंगे। ये कृत्रिम बुद्धिमता (आर्टिफिशियल इंजेलिजेंस या एआई) की मदद से संदिग्ध गतिविधियों और अराजक तत्वों पर नजर रखने में कारगर साबित होंगे।



### बांदीपुरा में मुठभेड़, एक आतंकी मारा गया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें एक आतंकी मारा गया। सुरक्षा बलों ने मंगलवार को बांदीपुरा जिले के चूंटपाथरी वन क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई की।



### वाहन की चपेट में आने से चार की गई जान

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में एक वाहन की चपेट में आने से दो महिलाओं और एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना मंगलवार को भूभाई गांव में गोला-रजरप्पा रोड पर उस समय हुई जब कुछ लोग सोहराई त्यौहार मना रहे थे कि तभी एक चार पहिया वाहन ने उन्हें कुचल दिया। जब लोग त्यौहार मना रहे थे, तभी एक चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।




### करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गयी। श्रमिक अजय (35) और राजू (25) ट्रैक्टर-ट्रॉली पर गन्ना लादकर मंसूरपुर चीनी मिल ले जा रहे थे। रास्ते में शाहपुर थाना क्षेत्र में मुबारकपुर और धनायन गांवों के बीच ट्रॉली एक हाई वोल्टेज करंट वाले तार के संपर्क में आ गई।



### नहीं रहीं लोकगायिका शारदा सिन्हा

**नई दिल्ली।** भोजपुरी लोकगायिका शारदा सिन्हा का निधन हो गया। दिल्ली के एम्स अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। शारदा सिन्हा की तस्वीर शेयर करते हुए उनके निधन की खबर की पुष्टि बेटे अंशुमन सिन्हा ने कर दी। बुधवार सुबह दिल्ली से शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर पटना लाया जाएगा। उसके बाद अंतिम संस्कार की तैयारी है।



### ट्रंप-हैरिस के बीच कांटे की टक्कर, दुनियाभर की नजरें टिकीं

# ट्रंप के समर्थन में साधु-संत, हैरिस के गांव में भी हो रही पूजा-अर्चना

*अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस और उनके प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय एवं आवास) के लिए दौड़ वास्तव में अभूतपूर्व रही। मंगलवार को वोटिंग के साथ गिनती शुरू हो गई। फैसला आने में दो दिन का वक्त लगेगा। इधर, भारत में कई स्थानों पर साधु-संतों ने ट्रंप की जीत के लिए पूजा-पाठ की, वहीं हैरिस के पैतृक गांव में भी प्रार्थनाएं हो रही हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के रिश्ते बीते कुछ सालों में अच्छे रहे हैं। फिर चाहें वो डोनाल्ड ट्रंप का कार्यकाल हो या जो बाइडन का। भारत और अमेरिका के संबंधों की चर्चा दुनियाभर में होती रही है। ऐसे में जानकारों का मानना है कि अमेरिका में चाहे कोई भी राष्ट्रपति हो, भारत और अमेरिका के रिश्ते स्थिर रहेंगे। क्योंकि पीएम मोदी की छवि भी एक वैश्विक नेता की है और वह जानते हैं कि अमेरिका और भारत के सकारात्मक संबंध दोनों ही देशों के लिए अहमियत रखते हैं।

अमेरिकी चुनावों पर यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष और सीईओ मुकेश अघी ने कहा, नतीजों के नतीजे को लेकर चिंता और अनिश्चितता की भावना है। चुनाव के नतीजों का असर सिर्फ अमेरिका में ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भी पड़ेगा। हमें उम्मीद है कि यह बहुत ही करीबी मुकाबला होगा। 50% से ज़्यादा मतदाता पहले ही अपना वोट दे चुके हैं, जिसका मतलब है कि वे पहले से ही आश्वस्त हैं कि उनके उम्मीदवार कौन हैं। आखिरी मिनट में, यह ▶▶|शेष पेज 2 पर

### 12 से ज्यादा राज्यों में मतदान, नतीजों का पूरी दुनिया पर पड़ेगा असर

**कब क्या होगा**

**6 नवंबर से 11 दिसंबर :** वोटों की गिनती होगी और रिजल्ट घोषित होंगे। सभी राज्यों को 11 दिसंबर तक यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

**17 दिसंबर:** अमेरिका में आम लोग सीधे राष्ट्रपति नहीं चुनते। वे निर्वाचक मंडल के सदस्यों का चुनाव करते हैं। 17 दिसंबर को निर्वाचक मंडल के सदस्य राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वोट डालेंगे।

**3 जनवरी:** कांग्रेस के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों और सीनेटरों का शपथ ग्रहण होगा।

**6 जनवरी:** इलेक्टोरल कॉलेज के वोटों की गिनती के लिए कांग्रेस का विशेष संयुक्त सत्र बुलाया जाएगा। जिस उम्मीदवार को 270 या उससे ज्यादा वोट मिलेंगे उसे राष्ट्रपति चुना जाएगा। यही नियम उप-राष्ट्रपति पद के लिए भी लागू होता है। इसी दिन पता चलेगा कि कौन अगला अमेरिकी राष्ट्रपति होगा।

**20 जनवरी:** जो उम्मीदवार सबसे ज्यादा इलेक्टोरल कॉलेज वोट जीतेगा उसे दोपहर 12 बजे (वाशिंगटन समय) राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई जाएगी। उसका चार साल का कार्यकाल इसी दिन से शुरू होगा।



### हैरिस को आशा, ट्रंप रहे उग्र

अपने चुनाव प्रचार अभियान के अंतिम दिनों में उपराष्ट्रपति हैरिस ने आशा, एकता, आशावाद और महिला अधिकारों के संदेश पर ध्यान केंद्रित किया, जबकि ट्रंप डेमोक्रेटिक पार्टी की अपनी प्रतिद्वंद्वी पर निशाना साधने में उग्र रहे और उन्होंने यहां तक कहा कि हार की स्थिति में वह चुनाव परिणाम को स्वीकार नहीं कर सकते हैं। कुल मिलाकर हैरिस (60) और ट्रंप (78) दोनों के लिए यह उतार-चढ़ाव भरा चुनावी सफर रहा है। ट्रंप को मार्च में अपनी पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के लिए नामांकन मिला और जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में औपचारिक रूप से उन्हें नामांकन प्राप्त हुआ।

### थुलसेंद्रपुरम में उत्साह और उम्मीद

तिरुवरूर जिले के थुलसेंद्रपुरम गांव में उत्साह और उम्मीद का माहौल बना हुआ है। लोगों को आस है कि वर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करेंगी। हैरिस के पैतृक गांव थुलसेंद्रपुरम में ग्रामीणों ने श्री धर्म संस्था मंदिर में इस उम्मीद से प्रार्थना की है कि वह पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन प्रत्याशी डोनाल्ड ट्रंप को हराकर विजयी होंगी। अमेरिकी आज अपना अगला राष्ट्रपति चुनने के लिए मतदान करेंगे। थुलसेंद्रपुरम कमला के नाना और पूर्व भारतीय राजनयिक पी.वी. गोपालन का पैतृक गांव है। कमला की मां श्यामला पूर्व भारतीय राजनयिक गोपालन की बेटी थीं। अगस्त 2020 में यह गांव तब सुर्खियों में आया जब कमला को उपराष्ट्रपति पद के डेमोक्रेट उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया था और बाद में उसी साल इस गांव में उनकी जीत का जश्न मनाया गया।

### हवन और अनुष्ठान

दिल्ली में आध्यात्मिक गुरु महामंडलेश्वर स्वामी वेदमुतिनंद सरस्वती ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जीत के लिए हवन और अनुष्ठान किया है। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें साधु-संत हाथ में ट्रंप की तस्वीर भी लिए हुए हैं।

## अब जनता सीधे चुनेगी मेयर, उप मुख्यमंत्री साव का बड़ा बयान

■ साय सरकार नगर पालिका अधिनियम में कर रही बदलाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेयर चुनाव प्रणाली को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का ऐतिहासिक निर्णय है कि अब अपना नेता जनता को चुनने का अधिकार होगा। शहर का अपने क्षेत्र का प्रथम नागरिक चुनने का अधिकार लोगों को मिले, जिसके तहत अब राज्य में महापौर चुनाव ▶▶|शेष पेज 2 पर

### निकाय-पंचायत चुनाव एक साथ कराने की तैयारी

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ कराने के लिए आईएएस ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने राज्य सरकार ▶▶|शेष पेज 2 पर

## तीन राज्यों में छापे, 50 लाख नकद के साथ सोना-चांदी जब्त

**अवैध खनन घोटाला**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

झारखंड के कथित नींबू पहाड़ अवैध पत्थर खनन घोटाले से जुड़े मामले में सीबीआई ने तीन राज्यों के 16 स्थानों पर छापेमारी की। इन तीन राज्यों में चुनावी राज्य झारखंड भी शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान सीबीआई ने 50 लाख रुपए नकद, एक किलोग्राम सोना, एक किलोग्राम चांदी के अलावा करोड़ों रुपये की संपत्ति के दस्तावेज जब्त किए।

### नींबू पहाड़ से पत्थर की चोरी

सीबीआई ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर 23 नवंबर 2023 को मामला दर्ज किया था। केंद्रीय एजेंसी के मुताबिक ये आरोपी कथित तौर पर साहिबगंज के नींबू पहाड़ से पत्थर की 'चोरी और अवैध खनन' में शामिल हैं।

## लक्ष्मी कॉटसिन की 31 करोड़ से अधिक कीमत की जमीन ईडी ने की कुर्क

■ भाटापारा-बलौदाबाजार में कंपनी के कर्मचारियों सहित अन्य लोगों के नाम पर पंजीकृत थी 73.44 हेक्टेयर भूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बहुचर्चित बैंक धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय ने लक्ष्मी कॉटसिन कंपनी की छत्तीसगढ़ के भाटापारा-बलौदाबाजार जिले में करोड़ों की अचल संपत्ति का पता लगाया है। कंपनी ने यहां अपने कर्मचारियों सहित अन्य भोले-भाले लोगों के नाम पर 73.34 हेक्टेयर कृषि भूमि ले रखी थी, जिसकी बाजार कीमत करीब 31 करोड़ 94 लाख रुपए आंकी गई है। ▶▶|शेष पेज 2 पर

### सीबीआई की एफआईआर के आधार पर ईडी कर रही जांच

लक्ष्मी कॉटसिन कंपनी द्वारा की गई बैंक धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई ने देश के कई राज्यों में छापेमारी की थी। इस छापेमारी के बाद सीबीआई ने लक्ष्मी कॉटसिन कंपनी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। ईडी ने राजीव खुराना डीजीएम, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, एसएएम शाखा नई दिल्ली से प्राप्त 1 जून 2021 की लिखित शिकायत के आधार पर आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत एसी-वी, सीबीआई, नई दिल्ली द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। लक्ष्मी कॉटसिन लिमिटेड का मुख्य पंजीकृत कार्यालय जीटी रोड कानपुर उत्तरप्रदेश में है। कंपनी के अध्यक्ष व सह प्रबंध निदेशक डा. माता प्रसाद अग्रवाल, संयुक्त प्रबंध निदेशक पवन कुमार अग्रवाल, उप प्रबंध निदेशक देवेश नारायण गुप्ता सहित अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों पर वर्ष 2010 से 2018 की अवधि के दौरान धोखाधड़ी, विश्वासघात, षड्यंत्र, जालसाजी, खातों में हेराफेरी और सार्वजनिक धन के दुरुपयोग एवं गबन करने का आरोप है।

### बैंक ऋण समझौते की शर्तों और नियमों का पालन नहीं

ईडी की जांच से पता चला कि आरोपी कंपनी लक्ष्मी कॉटसिन ने मिश्रित सूटिंग और शर्टिंग, रजाई वाले कपड़े, डेनिम कपड़े, तकनीकी वस्त्र कपड़े आदि के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता के लिए 23 बैंकों के संघ से संपर्क किया था, जिसका नेता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया है। वित्तीय अनुशासन का पालन न करने के कारण खातों को आईआरएसी मानदंडों के अनुसार व्यक्तिगत रूप से शिकायतकर्ता बैंकों द्वारा एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया था। फोरेंसिक ऑडिट में यह पता चला कि आरोपी कंपनी ने ऋण समझौते की शर्तों और नियमों का पालन नहीं किया। फोरेंसिक ऑडिट से यह भी पता चला कि कंपनी ने इन्वेंट्री रिकॉर्ड को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया तथा अनुचित तरीके से स्टॉक को व्यवस्थित किया।

## मांदर बजाते हुए कलाकारों के साथ थिरके सीएम साय



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्योत्सव की द्वितीय संध्या को जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर वहां मौजूद कलाकारों के पास पहुंचे और मांदर बजाकर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया। मुख्यमंत्री साय कलाकारों के साथ मांदर की थाप पर थिरकते हुए अलग अंदाज में नजर आए।

■ जनसंपर्क की छायाचित्र प्रदर्शनी को देखा और सराहा



**अफसरों की कार्रवाई**

## 18 सौ फर्जी कंपनियों से 25 हजार करोड़ की जीएसटी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कर अधिकारियों ने माल एवं सेवा कर के तहत पंजीकृत करीब 18,000 फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जो करीब 25,000 करोड़ रुपए की कर चोरी में शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरे राष्ट्रव्यापी अभियान में हमने सत्यापन के लिए लगभग 73,000 जीएसटीआईएन की पहचान की थी। इनमें से लगभग 18,000 अस्तित्वहीन पाए गए।




### फर्जी पंजीकरण के खिलाफ चला अभियान

फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरा राष्ट्रव्यापी अभियान 16 अगस्त से अक्टूबर के अंत तक चला। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पिछले साल 16 मई से 15 जुलाई तक चले पहले राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जीएसटी पंजीकरण वाली 21,791 इकाइयों का अस्तित्व नहीं पाया गया था। अभियान के दौरान 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी का पता चला था।

### सुप्रीम फैसला: निजी स्वामित्व वाली सभी संपत्तियां सामुदायिक संसाधन नहीं

# प्राइवेट प्रॉपर्टी पर अब सरकार नहीं कर सकती कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्राइवेट प्रॉपर्टी को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि निजी स्वामित्व वाली सभी संपत्तियां सामुदायिक संसाधन नहीं मानी जा सकतीं। सरकार आम लोगों की भलाई के लिए इन पर कब्जा नहीं कर सकती। इधर, एक अन्य फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। इससे यूपी के मदरसा में पढ़ने वाले 17 लाख बच्चों को राहत मिल गई।

सुप्रीम कोर्ट ने 7:2 के बहुमत के फैसले में मंगलवार को कहा कि संविधान के तहत सरकारों को 'आम भलाई' के लिए निजी स्वामित्व वाले सभी संसाधनों को अपने ▶▶|शेष पेज 2 पर

### नौ न्यायाधीशों की पीठ ने कहा- कुछ मामलों में सरकार कर सकती है दावा

### न्यायमूर्ति नागरत्ना और धूलिया ने जताई असहमति

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने प्रधान न्यायाधीश द्वारा लिखे गए बहुमत के फैसले से आंशिक रूप से असहमत जताई, जबकि न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। फैसला अभी सुनाया जा रहा है। अनुच्छेद 31सी, अनुच्छेद 39(बी) और (सी) के तहत बनाए गए कानून की रक्षा करता है जो सरकार को आम भलाई के वास्ते वितरण के लिए निजी संपत्तियों सहित समुदाय के भौतिक संसाधनों को अपने कब्जे में लेने का अधिकार देता है।



### जटिल कानूनी प्रश्न पर फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने एक जटिल कानूनी प्रश्न पर अपना फैसला सुनाया कि क्या निजी संपत्तियों को अनुच्छेद 39(बी) के तहत समुदाय के भौतिक संसाधन माना जा सकता है? क्या सरकार द्वारा सामान्य भलाई के लिए बांटने को उन्हें अपने अधीन लिया जा सकता है। अनुच्छेद 31सी, अनुच्छेद 39(बी) और (सी) के तहत बनाए गए कानून की रक्षा करता है।

| 18 | नवागांव (खु.) | 550 | 0.13 में से 0.1300 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 19 | नवागांव (खु.) | 551 | 0.43 में से 0.4300 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 20 | नवागांव (खु.) | 552 | 0.21 में से 0.2100 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 21 | नवागांव (खु.) | 553 का भाग | 0.61 में से 0.4667 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 22 | नवागांव (खु.) | 561/4 का भाग | 0.06 में से 0.0450 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 23 | नवागांव (खु.) | 563 का भाग | 1.04 में से 0.4442 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 24 | नवागांव (खु.) | 564 का भाग | 1.58 में से 0.2893 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 25 | नवागांव (खु.) | 565 | 0.45 में से 0.4500 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 26 | नवागांव (खु.) | 566 | 0.23 में से 0.2300 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 27 | नवागांव (खु.) | 567 | 0.06 में से 0.0600 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 28 | नवागांव (खु.) | 568 | 0.36 में से 0.3600 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 29 | नवागांव (खु.) | 569 | 0.32 में से 0.3200 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 30 | नवागांव (खु.) | 570 | 0.11 में से 0.1100 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 31 | नवागांव (खु.) | 571 | 0.07 में से 0.0700 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 32 | नवागांव (खु.) | 572 | 0.08 में से 0.0800 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 33 | नवागांव (खु.) | 573 | 0.17 में से 0.1700 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 34 | नवागांव (खु.) | 574 का भाग | 0.16 में से 0.0924 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 35 | नवागांव (खु.) | 576 का भाग | 0.11 में से 0.0852 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 36 | नवागांव (खु.) | 577 का भाग | 0.19 में से 0.1300 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 37 | नवागांव (खु.) | 578 का भाग | 0.41 में से 0.3287 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 38 | नवागांव (खु.) | 580 का भाग | 4.31 में से 0.6806 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 39 | नवागांव (खु.) | 600 का भाग | 0.32 में से 0.0631 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 40 | नवागांव (खु.) | 601/1 | 0.08 में से 0.0800 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 41 | नवागांव (खु.) | 601 / 2 का भाग | 0.24 में से 0.0240 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 42 | नवागांव (खु.) | 601/3 का भाग | 0.20 में से 0.1000 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| 43 | नवागांव (खु.) | 602 का भाग | 71.95 में से 3.1317 | कम्पोजिट | मिश्रित |
| योग | | | 11.8535349 | | |

सेक्टर 5 ग्राम नवागांव- खुटेरी (पॉकेट डी)

| स.क्र. | ग्राम | खसरा नं. | रकबा (हे. मे) | अंगीकत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग | अधिनियम की धारा 23 - क के तहत उपांतरण प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|---|
| [1] | [2] | [3] | [4] | [7] | [8] |
| 1. | नवागांव (खु.) | 602 का भाग | 71.95 में से 2.3947 | औद्योगिक | मिश्रित |
| योग | | | 2.3947 | | |

सेक्टर 5 ग्राम छतौना (पॉकेट डी)

| स.क्र. | ग्राम | खसरा नं. | रकबा (हे. मे) | अंगीकत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग | अधिनियम की धारा 23 - क के तहत उपांतरण प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|---|
| [1] | [2] | [3] | [4] | [7] | [8] |
| 1. | छतौना | 533 का भाग | 2.01 में से 0.0604 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 2. | छतौना | 603 का भाग | 1.13 में से 0.1750 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 3 | छतौना | 604 का भाग | 0.87 में से 0.2766 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 4 | छतौना | 605 का भाग | 0.08 में से 0.0779 | औद्योगिक | मिश्रित |
| योग | | | 0.5898 | | |

सेक्टर 5 ग्राम रीको (पॉकेट डी)

| स.क्र. | ग्राम | खसरा नं. | रकबा (हे. में) | अंगीकत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग | अधिनियम की धारा 23 - क के तहत उपांतरण प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|---|
| [1] | [2] | [3] | [4] | [7] | [8] |
| 1. | रीको | 602 का भाग | 3.76 में से 0.5872 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 2. | रीको | 603 का भाग | 0.45 में से 0.2951 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 3. | रीको | 657 का भाग | 0.87 में से 0.7340 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 4. | रीको | 658 का भाग | 0.65 में से 0.2882 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 5. | रीको | 665 का भाग | 0.65 में से 0.3856 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 6. | रीको | 666 | 1.02 में से 1.0200 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 7. | रीको | 667 | 0.17 में से 0.1700 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 8. | रीको | 668 का भाग | 0.42 में से 0.1183 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 9. | रीको | 669 का भाग | 0.52 में से 0.1073 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 10. | रीको | 696 का भाग | 0.81 में से 0.2274 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 11. | रीको | 697 | 0.21 में से 0.2100 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 12. | रीको | 698 | 0.21 में से 0.2100 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 13. | रीको | 699 का भाग | 0.95 में से 0.4592 | औद्योगिक | मिश्रित |
| योग | | | 4.8125 | | |

सेक्टर 5 ग्राम सेंध (पॉकेट डी)

| स.क्र. | ग्राम | खसरा नं. | रकबा (हे. मे) | अंगीकत नवा रायपुर अटल नगर विकास योजना 2031 में प्रस्तावित भू-उपयोग | अधिनियम की धारा 23 - क के तहत उपांतरण प्रस्ताव |
|---|---|---|---|---|---|
| [1] | [2] | [3] | [4] | [7] | [8] |
| 1. | सेंध | 1 | 0.53 में से 0.5300 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 2. | सेंध | 2/1 से 8 | 1.41 में से 1.4100 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 3. | सेंध | 3 | 0.14 में से 0.1400 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 4. | सेंध | 4 | 0.04 में से 0.0400 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 5. | सेंध | 5 का भाग | 0.07 में से 0.0542 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 6. | सेंध | 6 का भाग | 2.29 में से 0.7006 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 7 | सेंध | 9/1 क का भाग | 0.49 में से 0.4227 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 8. | सेंध | 9/2क का भाग | 0.09 में से 0.0810 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 9 | संध | 10 | 0.60 में से 0.6000 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 10 | सेंध | 11 | 0.89 में से 0.0000 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 11 | सेंध | 12/1 | 0.61 में से 0.6100 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 12. | सेंध | 12/2 | 0.28 में से 0.2800 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 13. | सेंध | 13/1 से 14 तक का भाग | 1.99 में से 1.9165 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 14 | सेंध | 14 / 1-2 का भाग | 0.24 में से 0.0102 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 15. | सेंध | 16/5 का भाग | 0.16 में से 0.0025 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 16. | सेंध | 30 का भाग | 1.45 में से 0.3440 | औद्योगिक | मिश्रित |
| 17. | सेंध | 113 का भाग | 109.03 में से 5.8315 | औद्योगिक | मिश्रित |
| योग | | | 12.9730 | | |

2/ उक्त प्रस्तावित उपांतरण नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर - 2, 4 एवं सेक्टर - 5 स्थित सेंध जलाशय एवं आसपास के क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु ।

3/ उपांतरण प्रस्ताव की प्रति आयुक्त, संभाग रायपुर, कलेक्टर, जिला रायपुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के कार्यालयों में कार्यालय समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी ।

4/ अतः प्रस्तावित उपांतरण से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों से इस सूचना के दो स्थानीय मुख्य दैनिक समाचार पत्रों में एक दिन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर लिखित आपत्तियाँ तथा सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। आपत्ति तथा सुझाव निम्नलिखित कार्यालयों में शासकीय कार्य दिवसों में प्रस्तुत किये जा सकते हैं :-

(1) आयुक्त, रायपुर संभाग, छत्तीसगढ़, (2) कलेक्टर कार्यालय, जिला रायपुर ।
(3) मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर ।
(4) संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर । (5) आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर ।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

(सी.तिर्की)
संयुक्त सचिव,
छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग

जी-242503584

# सरकार ने 'भारत' ब्रांड के तहत आटा, चावल की खुदरा बिक्री का दूसरा चरण किया शुरू

उपभोक्ताओं को ऊंची कीमतों से राहत दिलाना है उद्देश्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सरकार ने उपभोक्ताओं को ऊंची कीमतों से राहत देने के लिए रियायती दर पर 'भारत' ब्रांड के तहत गेहूं के आटे और चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण की मंगलवार को शुरुआत की। सहकारी समितियों भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और केन्द्रीय भंडार तथा ई-कॉमर्स मंच के जरिये गेहूं का आटा 30 रुपये प्रति किलोग्राम और चावल 34 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से पांच तथा 10 किलोग्राम के पैकेट में बेचा जाएगा। खाद्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने इन सहकारी समितियों की 'मोबाइल वैन' को हरी झंडी दिखाने के बाद कहा, ''यह उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए एक अस्थायी हस्तक्षेप है।'' सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण कोष के अंतर्गत दूसरे चरण में खुदरा हस्तक्षेप के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) से 3.69 लाख टन गेहूं और 2.91 लाख टन चावल आवंटित किया है। जोशी ने कहा, '' यह तब तक जारी रहेगा जब तक आवंटित भंडार समाप्त नहीं हो जाता। यदि और अधिक की आवश्यकता होगी तो हमारे पास पर्याप्त भंडार है और हम पुनः आवंटन करेंगे।'' नए मूल्य निर्धारण ढांचे के तहत गेहूं का आटा पांच तथा 10 किलोग्राम के पैक में 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध होगा, जबकि चावल 34 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जाएगा।

■ आटा 30 और चावल 34 रुपए प्रति किग्रा की दर से बेचा जा रहा




# सोने में 200 रुपए की तेजी, चांदी में 1,800 रुपए का आया उछाल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख तथा आभूषण एवं फुटकर विक्रेताओं की ताजा लिवाली के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 200 रुपये की तेजी के साथ 81,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई से 1,300 रुपये घटकर 81,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी। मंगलवार को चांदी की कीमत 1,800 रुपये उछलकर 96,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 94,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 80,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 80,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू बाजारों में स्थानीय आभूषण और खुदरा विक्रेताओं की मांग में तेजी के कारण सोने की कीमतों में तेजी आई है।



असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

# शेयर बाजार शुरुआती गिरावट से उबरा, सेंसेक्स 694 अंक चढ़ा

## वैश्विक शेयर बाजारों में मजबूत रुख रहा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले वैश्विक शेयर बाजारों में मजबूत रुख के बीच बैंकिंग, इस्पात और पेट्रोलियम तथा गैस शेयरों में जोरदार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार मंगलवार को शुरुआती गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुआ। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 694.39 अंक उछलकर 79,476.63 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 740.89 अंक बढ़कर 79,523.13 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 217.95 अंक चढ़कर 24,213.30 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के कारण शेयर बाजार कमजोर रुख के साथ खुले और पहले आधे सत्र में नकारात्मक रुझान के साथ सीमित दायरे में कारोबार हुआ। इस दौरान सेंसेक्स 78,296.70 अंक के निचले स्तर पर तथा निफ्टी 23,842.75 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, दोपहर के सत्र में खरीदारी आने से सूचकांकों को नुकसान से उबरने में मदद मिली और ये बढ़त के साथ बंद हुए।

■ बैंकिंग, इस्पात व पेट्रोलियम शेयर चले

### इन शेयरों में रही तेजी-मंदी

सेंसेक्स के शेयरों में जेएसडब्ल्यू स्टील में करीब पांच प्रतिशत और टाटा स्टील में करीब चार प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट हुई।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# खत्म हुआ इंतजार, स्विगी का आईपीओ आज खुलेगा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाने का सामान पहुंचाने वाली कंपनी स्विगी का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बुधवार को खुलेगा। कंपनी निर्गम के तहत लगभग 11.3 अरब डॉलर का मूल्यांकन चाहती है। बेंगलुरु स्थित कंपनी आईपीओ से 11,327 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है, जिसमें 4,499 करोड़ रुपये का नए शेयरों का निर्गम और 6,828 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। स्विगी ने आईपीओ के लिए 371 रुपये से 390 रुपये प्रति शेयर का कीमत दायरा तय किया है। यह निर्गम छह नवंबर को खुलेगा और आठ नवंबर को बंद होगा। स्विगी फूड मार्केटप्लेस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोहित कपूर ने मूल्यांकन के बारे में कहा, ''हमें लगता है कि हमने इसकी कीमत सही रखी है और हम अगले कुछ दिन का इंतजार कर रहे हैं।''

## बिजनेस साइट

# राज्योत्सव पर सिंघानिया बिल्डकॉन का विशेष ऑफरः फ्लैट व प्लॉट्स पर आकर्षक योजनाएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और मध्य भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र में प्रमुख नाम, सिंघानिया बिल्डकॉन ने राज्योत्सव के मौके पर ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर पेश किया है। इस ऑफर के तहत रायपुर के प्रमुख लोकेशनों पर 3,4 बीएचके फ्लैट्स और प्लॉट्स खरीदने का सुनहरा अवसर मिल रहा है। राज्योत्सव ऑफर के तहत, हर साइट विजिट पर ग्राहकों को स्पेशल गिफ्ट्स भी दिए जाएंगे। इसके अलावा प्रमुख बैंकों से ऋण सुविधा उपलब्ध होगी।

**हर्षित लैंडमार्कः प्रीमियम रेजिडेंशियल यूनिट्स**

हर्षित लैंडमार्क प्रोजेक्ट में ग्राहकों को प्रीमियम 3 बीएचके और 4 बीएचके रेजिडेंशियल यूनिट्स का विकल्प मिलेगा। इन यूनिट्स का आकार 1000 से 3000 वर्ग फीट तक है और यह आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप डिज़ाइन की गई हैं। यह प्रोजेक्ट आवासीय और व्यावसायिक दोनों प्रकार के स्पेस प्रदान करता है, जो निवेशकों के लिए एक आदर्श विकल्प है।

**हर्षित गोल्ड सिटीः शहरी जीवन का अनुभव**

यह प्रोजेक्ट रायपुर के विधानसभा रोड नरहदा में स्थित है। यहां ग्राहकों के लिए 600 से लेकर 1700 स्क्वायर फीट तक के प्रीमियम रेजिडेंशियल प्लॉट्स उपलब्ध हैं। इस टाउनशिप में सुरक्षा, बिजली-पानी, गार्डन, जिम और प्ले ग्राउंड जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं।

**हर्षित हारमनीः शहर के पास किफायती प्लॉट्स**

हर्षित हारमनी प्रोजेक्ट रायपुर के एम्स के पास गुमा में स्थित है, जहां ग्राहकों को 450 से लेकर 1500 स्क्वायर फीट तक के प्लॉट्स उपलब्ध हैं। ये प्लॉट्स किफायती दाम पर पेश किए जा रहे हैं और एक समृद्ध शहरी जीवन की पेशकश करते हैं।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking : Raipur- 79871-19756 6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

आवश्यकता है- यूरेका फॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु आवश्यकता है 12TH PASS टेलीकॉलर- 2 ऑफिस असिस्टेंट -02 सेल्स रिप्रेजेंटेटिव 4 सर्विस टेक्निशियन 2 OFFICE BOY 1 (अनुभव आवश्यक नहीं ) संपर्क करें- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461, (RO-3072)

हरिभूमि क्लासीफाईड

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे। 18 से 75 वर्ष तक लाभदायक लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 09083218330

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- Hari group हेतु सिक्योरिटी गार्ड - 40, सुपरवाइजर - 05, फील्ड आफिसर (अनुभव 05 वर्ष ) - 03, लेडीज गार्ड - 10, हाउसकीपीग बाई - 10, गनमेंन 05 वेतनमान - 10500 से 15000/- स्थान - कृष्णा प्लाजा अश्वनी नगर सुन्दरनगर रायपुर मोब - 7509025000, 7909336654.(RO-A)

आवश्यकता है- भरोसेमंद सिक्युरिटी व हाउस कीपिंग के लिए संपर्क करें l सिक्युरिटी व हाउसकीपिंग जॉब के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है l सम्पर्क- निरुपमा सिक्युरिटी व हाउसकीपिंग सर्विस मो. 9179159106.(RO-A)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- OCEAN Company को ऑफिस हेतु 10th से ग्रेजुएट, 18 से 28 वर्ष के युवक/ युवतियों की आवश्यकता, आय 8500 से 18000, संपर्क करे- स्मृति नगर भिलाई (छ.ग.) मो. 8818877409, 9202140074 (RO-5991)

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु युवको की आवश्यकता है वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग के बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास या फेल। 6265100904.(RO-3078)

**सेल्समैन/ घरेलू कार्य**

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है संपर्क करे - बोरियाखुर्द रायपुर मो. न. 9893115061 (RO-3070)

**ड्राइवर**

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की 14000/- घरेलू काम हेतु युवक/ युवती 10000/- फार्महाउस में कार्य करने हेतु शादीशुदा (बिना बच्चे) को प्राथमिकता 12000/- रहने की सुविधाः- मो. 7470602013, 9302708426 देवपुरी रायपुर (RO-3071)

ड्राइवर चाहिए- ड्राइवर की आवश्यकता है : टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है, आकर्षक वेतन, लाइसेंस अनिवार्य। केवल दुर्ग- भिलाई वाले ही संपर्क करें:-9827466771 (आरो न.-614)

छोटा विज्ञापन

**सुपरवाइजर/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- टाउनशिप प्रोजेक्ट हेतु अधिवक्ता, कांट्रेक्टर, लैंडस्केपिंग, बिल्डिंग मैटेरियल सप्लायर, सुपरवाइजर, ड्राफ्ट्समैन, सिक्योरिटी, मार्केटिंग टीम, अकाउंटेंट । बायोडाटा सहित संपर्क करें:- प्राइम ग्रुप, सिविल लाइन, रायपुर 9179455768, 7415365553.(RO-3079)

**कुक/ड्रायवर**

आवश्यकता है- देवादा हॉस्पिटल के कैंटीन में काम हेतु कर्मचारी टेबल सफाई, बर्तन सफाई, खाना बनाने हेतु कुक एवं ड्राइवर की तुरन्त संपर्क करे:- मो.-9303657790, 7970259986 (RO-615)

**सेल्समेन/ सेलगर्ल**

आवश्यकता है- साड़ी दुकान एवं रेडीमेड कपड़े की दुकान हेतु लड़के- लड़कियां एवं सेल्समैन- सेल्सगर्ल की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- भागचंद आनंदराम, मटका लाईन, गोल बाजार, रायपुर मोबाइल नंबर:- 9329103178.(RO-3069)

आवश्यकता है- रेडीमेड कपडे के शोरूम में कार्य हेतु अनुभवी सेल्समैन/सेल्सगर्ल/हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करें:- गोपाल होजियारी स्टोर्स पंडरी रायपुर 9424213600, 9425215273. (RO-1005)

आवश्यकता है- फर्नीचर मॉल बिलासपुर में अनुभवी सेल्समैन एवं सेल्सगर्ल की तत्काल आवश्यकता है आवास सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें 9300612345 (RO-35829)

क्लासीफाईड

**घरेलु/टेलीकालिंग कार्य**

आवश्यकता है- घर का घरेलू कार्य एवं टेलीकॉलिंग कार्य, घर बैठे मार्केटिंग हेतु लडकी चाहिए समय 9 से 7 खाना रहना फ्री सैलरी 5000-7000/- आधार फोटो बायोडाटा सहित संपर्क करेः- गोकुल टावर, गोगांव, गुढ़यिारी, रायपुर मोबाइल 90393-21951. (RO-3073)

**सिक्योरिटी गार्ड**

आवश्यकता है- सनी सिक्योरिटी सर्विसेस बिलासपुर को सुरक्षा गार्ड की तत्काल आवश्यकता है। रायपुर, बिलासपुर प्रा.लि. कंपनियों के लिए वेतन 13000 से 15000 तक आवास, मेडिकल फ्री संपर्क करें 9827110887, 8793519403, 8319724823, 9229260100.(RO-35805)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की, जो छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर काम कर सके। योग्यता, 10वी, 12वी, स्नातक, वेतन 10000/- (रहना फ्री) ट्रेनिंग बाद कमाए 20,000/- से 25,000/- संपर्क करें:- 8815522974, 8357893800. (RO-3075)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423 (RO-35815)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक लड़की/महिला कामवाली की, 24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ्त जल्दी संपर्क करें - रायपुर mobile - 7024379094 , 7987466526.(RO-meeth)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- अर्जेंट आवश्यकता है , दो युवक की उम्र 25-35 वर्ष आर एस स्टील ट्रेडिंग मुंबई मे काम करने के लिए संपर्क 7987160256.(RO-bhilai)

**अन्य**

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500/-) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें :- 9102935834 (RO-3051)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। संपर्क करें- 7450945537, 9040788128.(RO-750)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**Medical चिकित्सा**

चिकित्सा- *होमियोपैथी परामर्श* प्रातः 09:00 से 11:00 *शनिवार को निःशुल्क* रविवार पूर्व अनुमति से मोबाइल 7240844677, 9407335377. *डॉ.अरविन्द शर्मा (एमडी)* पता- 252- डफोडिल पार्थिवी पैसिफिक अपार्टमेंट्स एम्स के पास, टाटीबंध, रायपुर (RO-A)

**Property प्रापर्टी**

**जमीन**

जमीन उपलब्ध है- रायपुर से मात्र 11 किलोमीटर की दूरी पर मोतीपुर, महादेवघाट, पाटन रोड हाईवे पर सर्वसुविधायुक्त 25000 वर्गफुट जमीन प्राइम लोकेशन पर फार्महाउस बनाने हेतु उपलब्ध संपर्क करें- 9111555767, 9691637649 (RO-5990)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस- लोन, लोन, लोन KUBER FINANCE (Govt. Regd) सर्व योजना अंतर्गत, आधारकार्ड, पर्सनल, प्रॉपर्टी, बिजनेस, सभी प्रकार के लोन आसान किस्तों पर, 2% ब्याज, 40% छूट, (महिलाओं के लिए विशेष छूट) संपर्कः- 8349193481. (RO-3074)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - बाबा सुलेमान सिद्धि प्राप्त स्पेशलिस्ट मनचाहा प्यार, कारोबार, गृह क्लेश, लव मैरिज , पति- पत्नी में अनबन, सन्तान प्राप्ति , सौतन- दुश्मन से छुटकारा प्रेम समस्या घर बैठे A to Z समाधान -9639139839. (RO-516)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

सब कुछ है यहां
पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड

## खबर संक्षेप



### वनडे रैंकिंग में हरमनप्रीत पहुंचीं नौवें स्थान पर

**दुबई।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर मंगलवार को जारी आईसीसी महिला एकदिवसीय रैंकिंग में संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंच गयीं जबकि सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है। इस तालिका में इंग्लैंड की नैट सिवर ब्रंट 760 रेटिंग अंक के साथ शीर्ष स्थान पर है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में हरमनप्रीत ने 63 गेंद में नाबाद 59 रन की पारी के साथ भारतीय टीम को मैच और श्रृंखला में जीत दिलायी थी। यह श्रृंखला आईसीसी महिला चैम्पियन का हिस्सा थी जिसे भारत ने 2-1 से जीता था। तीसरे स्थान इसी मैच में 100 रन की शानदार पारी खेलने वाली वामहस्त बल्लेबाज मंधाना 23 रेटिंग अंक हासिल कर कुल 728 रेटिंग अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। उनके और तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू के बीच सिर्फ पांच रेटिंग अंक का फर्क है।

### शाह का उत्तराधिकारी कौन होगा, दो नाम सबसे आगे

**नई दिल्ली।** आईसीसी चेयरमैन के लिए नियुक्त होने के बाद जय शाह को बीसीसीआई सचिव का पद छोड़ना होगा। जय शाह 1 दिसंबर को आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का अध्यक्ष पद ग्रहण करेंगे। वहीं, अगले बीसीसीआई सचिव का फैसला भी होना है। वर्तमान में बीसीसीआई सचिव को लेकर 2 नाम आगे चल रहे हैं। हालांकि कुछ दिनों में बोर्ड के नए सचिव का ऐलान कर दिया जाएगा। जेटली और पटेल में से कोई एक चुना जाएगा रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली और गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल पटेल में से कोई एक बीसीसीआई का अगला सचिव बन सकता है। सचिव की रेस में रोहन जेटली और अनिल पटेल का नाम सबसे आगे चल रहा है। माना जा रहा है कि नए सचिव के लिए कोई विशेष बैठक नहीं होगी, लेकिन रोहन जेटली का नाम अनिल पटेल से भी आगे चल रहा है।

### फिर चोटिल हुए ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार



**रियाद।** चोटिल होने के कारण 12 महीने तक बाहर रहने के बाद हाल में प्रतिस्पर्धी फुटबॉल में वापसी करने वाले ब्राजील के फुटबॉल स्टार नेमार अपने दूसरे मैच में ही फिर से चोटिल हो गए। नेमार एएफसी चैंपियंस लीग एलीट वर्ग के इस मैच में सऊदी अरब के अपने क्लब अल हिलाल की तरफ से 58वें मिनट में मैदान पर उतरे लेकिन खेल समाप्त होने से तीन मिनट पहले उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। ऐसा लग रहा था कि पेनल्टी एरिया में गेंद पर कब्जा करने के लिए पांव फैलाने से उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया।

### महिला नहीं पुरुष हैं ओलंपिक स्वर्ण जीतने वाली इमान खलीफ

**नई दिल्ली।** अल्जीरियाई मुक्केबाज इमान खलीफ ने पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीता था।



उन्होंने प्रतियोगिता में महिलाओं के 66 किलोग्राम भारवर्ग में इटली की एंजेला कैरिनी के खिलाफ सिर्फ 46 सेकेंड में ही जीत दर्ज की थी। इसके बाद खलीफ के महिला होने पर सवाल उठाए गए थे। अब एक मेडिकल रिपोर्ट ने सबको चौंका दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि खलीफ के अंदर पुरुषों वाले अंग हैं।


---

**भारतीय ओलंपिक संघ ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी को लिखा पत्र**

# भारत में 12 साल बाद हो सकता है खेलों का महाकुंभ ओलंपिक, पेश की दावेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ ओलंपिक का आयोजन हर चार साल के अंतराल पर विभिन्न देशों में किया जाता है। हाल ही में पेरिस ओलंपिक 2024 का आयोजन सफल रहा है। अगला ओलंपिक साल 2028 में अमेरिका के लॉस एंजेलिस में खेला जाएगा। वहीं, 2036 में होने वाले ओलंपिक को लेकर भारत ने अपनी दावेदारी पेश कर दी है। जी हां, भारतीय ओलंपिक संघ ने 1 अक्टूबर 2024 को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी को पत्र लिखा है। पत्र में 2036 में होने वाले ओलंपिक का आयोजन भारत में कराने का आग्रह किया गया है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2036 में भारत में ओलंपिक कराने की इच्छा जाहिर कर चुके हैं।



### ओलंपिक होने से भारत को बड़ा फायदा

अगर भारत को ओलंपिक 2036 की मेजबानी मिलती है तो इससे देश भर में आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति और युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देकर पर्याप्त लाभ मिल सकता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में लॉस एंजिल्स 2028 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करेगा, और ब्रिस्बेन, ऑस्ट्रेलिया, 2032 खेलों की मेजबानी करेगा।

### आईओए अध्यक्ष भी दे रहे समर्थन

अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अध्यक्ष थॉमस बाख ने कहा है कि 2036 की मेजबानी के लिए अब तक डबल डीजिट में शहर रुचि जता चुके हैं। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने भी अपना समर्थन देते हुए कहा कि भारत के लिए ओलंपिक की मेजबानी की मजबूत मामला है, जिससे भारत की उम्मीदवारी और मजबूत हो गई है।

### भारत समेत 9 देश मेजबानी को तैयार

2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत समेत 9 देशों में प्रतिस्पर्धा है। इनमें मेक्सिको, इंडोनेशिया, तुर्की, पोलैंड, मिस्र और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। यदि भारत को 2036 ओलंपिक के लिए चुना जाता है, तो यह भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा, जो लाखों लोगों के सपने को साकार करेगा और भारत को वैश्विक खेल मंच पर मजबूती से स्थापित करेगा।

---

**भारत-पाकिस्तान के खिलाड़ी रह चुके हैं एक टीम का हिस्सा**

# एक टीम से खेलते नजर आएंगे विराट और बाबर आजम, एफ्रो-एशिया कप की हो सकती है वापसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ी एक साथ खेलते हुए नजर आ सकते हैं। एक बार फिर एफ्रो-एशिया कप की वापसी हो सकती है। अफ्रीका क्रिकेट काउंसिल ने इसको लेकर वार्षिक आम बैठक में टूर्नामेंट को दोबारा शुरू करने के लिए समितियां बनाई हैं। अगर ऐसा होता है तो बाबर आजम और विराट कोहली एक ही टीम से खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

### कैसा है यह टूर्नामेंट?

इस टूर्नामेंट में 2 टीमें- एशिया-11 और अफ्रीका-11 होती हैं। एशिया-11 में एशिया महाद्वीप के और अफ्रीका -11 में अफ्रीका महाद्वीप के खिलाड़ी खेलते हैं। इससे पहले यह टूर्नामेंट 2 बार खेला गया था। 2005 में पहली बार इसका आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। इसके बाद 2007 में इसे भारत में खेला गया था। 2009 में केन्या में इसका तीसरा संस्करण खेला जाना था। हालांकि, वह हो नहीं पाया था।

### शुरू हो सकती है अफ्रीका प्रीमियर लीग

एसीए के सीईओ कासिम सुलेमान के अनुसार इंडियन प्रीमियर लीग की तरह ही वह एक और छोटा टूर्नामेंट शुरू करने की भी योजना बना रहे हैं। इस टूर्नामेंट को उन्होंने अफ्रीका प्रीमियर लीग नाम रखा है। हालांकि, यह अभी योजना चरण में ही है।



### टूर्नामेंट का ऐसा रहा है इतिहास

साल 2005 में 3 मैचों की वनडे सीरीज हुई थी। 1 मैच एशिया-11 और 1 मैच अफ्रीका-11 ने जीता था। आखिरी मैच बारिश के कारण रद्द हुआ था। 2007 के टूर्नामेंट में एशिया-11 का प्रदर्शन कमाल का रहा था। उसने वनडे सीरीज के सभी 3 मैच जीत लिए थे। एकमात्र टी-20 मैच में भी उसे ही जीत मिली थी। 2005 में एशिया-11 के कप्तान इंजमाम-उल-हक थे। 2007 में कप्तानी महेला जयवर्धने ने की थी। टी-20 के कप्तान शोएब मलिक थे।

### भारत-पाक के खिलाड़ी खेले थे साथ

वर्ष 2005 में एशियाई टीम की अगुआई पाकिस्तान के कप्तान इंजमाम उल हक ने की थी और इसमें राहुल द्रविड़, आशीष नेहरा और अनिल कुंबले जैसे भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली थी। एशिया की 2007 की टीम में महेंद्र सिंह धोनी, सौरव गांगुली, हरभजन सिंह, जहीर खान, युवराज सिंह, वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर जैसे भारतीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था जबकि पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद यूसुफ और शोएब अख्तर ने किया था।

**आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ**

### अक्टूबर के लिए रबाडा समेत ये खिलाड़ी हुए नामित



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अक्टूबर महीने के लिए दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा को नामित किया है। उनके साथ-साथ न्यूजीलैंड के मिचेल सेंटनर और पाकिस्तान के नोमान अली को भी नामांकित किया गया है। इन खिलाड़ियों ने अक्टूबर के महीने में शानदार प्रदर्शन किया था। दूसरी तरफ महिला वर्ग में इस बार न्यूजीलैंड की अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट व वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट टीम की डिआंड्रा डोटिन को नामांकित किया है। रबाडा ने बांग्लादेश के खिलाफ किया था उम्दा प्रदर्शन रबाडा ने पिछले महीने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उम्दा गेंदबाजी की थी। इस अनुभवी गेंदबाज ने 2 मैचों में 9 की शानदार औसत के साथ 14 विकेट लिए थे। रबाडा ने शेरे बांग्ला स्टेडियम में हुए पहले टेस्ट में कुल 9 विकेट लिए थे। मैच में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली थी। दूसरे मैच में उन्होंने कुल 5 विकेट चटकाए थे और दक्षिण अफ्रीका ने वो मैच भी जीता था।

---

## भारतीय खिलाड़ियों ने एशिया पिकलबॉल खेलों में पांच स्वर्ण सहित 14 पदक जीते

**मुंबई।** भारतीय खिलाड़ियों ने हाल ही में ताइवान में आयोजित एशिया पिकलबॉल खेलों में पांच स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य सहित कुल 14 पदक जीते। नितीन कीर्तने ने 50+ ओपन पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता जबकि विशाल जाधव ने 35+ ओपन पुरुष एकल में रजत पदक हासिल किया। खुशी सचदेवा और श्रद्धा दमानी क्रमशः 4.0 वर्ग में 19+ और 35+ महिला एकल में रजत पदक अपने नाम करने में सफल रहे। संदीप तावड़े ने 4.0 वर्ग में 50+ पुरुष एकल में दूसरा स्थान हासिल किया। कीर्तने और तावड़े की जोड़ी ने 50+ ओपन पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता। वंशिक कपाड़िया और तेजस महाजन ने 19+ ओपन पुरुष युगल में शीर्ष स्थान हासिल किया। कपाड़िया और वृषाली ठाकरे ने भी 19+ ओपन मिश्रित युगल में स्वर्ण पदक जीता।

---

AXIS BANK **एक्सिस बैंक लिमि.**
संरचित परिसंपत्ति समूह-पूर्व
1, शेक्सपियर सरानी, चौथी मंजिल, कोलकाता-700071,
फोन-033-66272035

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना,**

जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, सहपठित 2002 के नियम 3 की धारा 13 (12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने दिनांक 20.04.2023 को मांग नोटिस जारी कर ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त राशि को ब्याज सहित चुकाने का आह्वान किया है। ऋणी/बंधककर्ता/जमानतदार नीचे उल्लिखित राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए आम जनता को तथा विशेष रूप से ऋणी और जमानतदार को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जो एक्सिस बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) को बंधक रखी गई हैं, जिनका भौतिक कब्जा एक्सिस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें "जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर दिनांक 28.11.2024 को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के तहत बैंक के बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित निविदाएं/बोली आमंत्रित करके बेचा जाएगा।

| ऋणी/जमानतदार/बंधककर्ता का नाम | सुरक्षा का विवरण | सुरक्षित ऋण |
|---|---|---|
| **मेसर्स. एस एम शॉप,** पता-डी 06, सेक्टर 2, अग्रोहा सोसायटी, रिंग रोड नंबर 1, रायपुर, छत्तीसगढ़-492013, म.नं. 323, दूसरी मंजिल, यूनियन बैंक के सामने, समता कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 है एवं जमानतदार (1) **श्री स्वप्निल मित्तल,** निवासी-डी 06 सेक्टर 2, अग्रोहा सोसायटी, रिंग रोड नंबर 1, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492013, (2) **श्री पीयूष राठी,** निवास-म.नं.15/287, जवाहर नगर, ममता अस्पताल के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 (3) **श्रीमती गरिमा शर्मा,** निवासी-315/सी, गैस गोदाम के पास रहानीपुरम, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 (4) **श्रीमती नेहा सिंह,** निवासी-ई-70, संकल्प वाटिका, समता कॉलोनी, रायपुर, छ.ग. 492001 (5) **श्री सुरेश कुमार मित्तल,** निवासी-डी 06 अग्रोहा सोसायटी, रिंग रोड नंबर 1, अनुषा गार्डन के पीछे, रायपुर, 492001 (6) **श्री विक्रम कुमार सिंह,** निवासी-ई-70, संकल्प वाटिका, समता कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 (7) **श्री रामकिशोर राठी,** निवास-म.नं. 15/287, जवाहर नगर, ममता हॉस्पिटल के पास, रायपुर, छत्तीसगढ़ 492001 (8) **श्री रामाश्रय सिंह,** निवासी-सैनिक कॉलोनी डुमरदगा, बूटी, रांची, झारखण्ड 835217 | आवासीय मकान, प्लॉट नंबर-डी-06, क्षेत्रफल लगभग 2400 वर्गफीट, स्थित-मौजा रायपुरा, सेक्टर-02, माधव राव सप्रे वार्ड, वार्ड नंबर 68, प.ह. नं. 104/35/57, रा.नि.मं. रायपुर-1, तहसील एवं जिला रायपुर, स्वामित्व स्वप्निल मित्तल। चौहद्दी- उत्तर: सड़क, दक्षिण: प्लॉट नंबर 5, पूर्व: प्लॉट नंबर 7, पश्चिम - सड़क।<br>भार (यदि कोई हो) - बैंक को ज्ञात नहीं | 8,35,46,770.45 रुपये (आठ करोड़ पैंतीस लाख छियालीस हजार सात सौ सत्तर रूपये और पैंतालीस पैसे मात्र) 29.08.2024 को देय राशि है (इस राशि में 29.08.2024 तक लागू ब्याज शामिल है) साथ ही 29.08.2024 से उस पर अतिरिक्त ब्याज, लागत और अन्य परिणाम, क्षति आदि घटाए गए पुनर्भुगतान यदि कोई हो।<br>**आरक्षित मूल्य (आरपी) - 1,20,00,000/-** रुपये (केवल एक करोड़ बीस लाख रुपये)<br>**बयाना जमा (ईएमडी) - रु. 12,00,000/-** (केवल बारह लाख रुपये)<br>**नीलामी की तिथि और समय - 28.11.2024,**सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच |

**ई-नीलामी बिक्री की शर्तें और नियम**

1. सुरक्षित परिसंपत्तियों को बैंक द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा, जो ऑनलाइन ई-नीलामी आयोजित करने में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता कर रहे हैं। 2. उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियां "जहां है जैसी है", "जो कुछ भी है जैसी है", "जो कुछ भी है" और "कोई सहारा नहीं" शर्त पर बेची जाएंगी। 3. नीलामी बिक्री/बोली केवल "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली" प्रक्रिया के माध्यम से वेबसाइट https://axisbank.auction-tiger.net के माध्यम से 28.11.2024 को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे के बीच होगी, जिसमें अंतिम 5 मिनट में बोली लगाए जाने की स्थिति में 5 मिनट का असीमित विस्तार होगा। 4. ईएमडी को प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड के पक्ष में तैयार डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा किया जाना है, जो सममूल्य पर देय है। ईएमडी राशि के साथ बोली आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 27.11.2024 दोपहर 3:00 बजे है। 5. बोली लगाने वाले का पूरा नाम, पता, संपर्क नंबर और ई-मेल आईडी डिमांड ड्राफ्ट (ईएमडी) के पीछे उल्लिखित होना चाहिए।(केवाईसी दस्तावेज यानी फोटो आईडी प्रूफ, पैन कार्ड, एड्रेस प्रूफ, ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर) एक सीलबंद लिफाफे में और ईएमडी के साथ एक्सिस बैंक लिमिटेड, स्ट्रक्चर्ड एसेट्स ग्रुप-ईस्ट, चतुर्थ तल, एसी मार्केट बिल्डिंग, शेक्सपियर सरानी, कोलकाता-700071 को भेजें। 6. नीलामी ऊपर उल्लिखित आरक्षित मूल्य से नीचे शुरू नहीं होगी। बोलीदाताओं को 10,000/-रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार करने की अनुमति होगी। 7. इच्छुक बोलीदाताओं के पास एक वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए और उन्हें https://axisbank.auctiontiger.net पोर्टल पर अपना नाम पंजीकृत करना चाहिए और मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड से अपना यूजर आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करना चाहिए, जिसके बाद उन्हें 28.11.2024 को निर्धारित ऑनलाइन ई-नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। 8. इच्छुक बोलीकर्ताओं को मेसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाईगर) से ई-नीलामी हेतु ऑनलाईन प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सकता है। संपर्क व्यक्ति: श्री राम शर्मा, मोबाइल: 8000023297/9265562821/9265562818, ईमेल आईडी: ramprasad@auctiontiger.net/ support@auctiontiger.net। 9. सबसे अधिक/सफल बोली लगाने वाले के मामले में ईएमडी राशि समायोजित की जाएगी और शेष बोलीदाताओं की ईएमडी राशि बोली आवेदन में उल्लिखित पते पर (बिक्री के अंतिम रूप देने के 2 कार्य दिवसों के भीतर) असफल बोलीदाताओं को वापस कर दी जाएगी या वे एक्सिस बैंक लिमिटेड, एसएजी (पूर्व), चौथी मंजिल, एसी मार्केट बिल्डिंग, 1, शेक्सपियर सरानी, कोलकाता- 700 071 पर जाकर व्यक्तिगत रूप से इसे प्राप्त कर सकते हैं। ईएमडी पर ब्याज नहीं लगेगा। 10. इच्छुक पार्टियां स्ट्रक्चर्ड एसेट्स ग्रुप (पूर्व) कार्यालय 033-66272035/9830959995 पर संपर्क करके साइट पर संपत्ति का निरीक्षण कर सकती हैं। 11. उच्चतम/सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उच्चतम बोली स्वीकार किए जाने के अगले कार्य दिवस के भीतर ईएमडी समायोजित करने के बाद बिक्री मूल्य की 25% राशि जमा करनी होगी, अन्यथा बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी। उच्चतम बोलीदाता को संपत्ति का खरीदार घोषित किया जाएगा, बशर्ते वह बोली लगाने के लिए कानूनी रूप से योग्य हो। बिक्री मूल्य का शेष 75% सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बिक्री की पुष्टि के 15 दिनों के भीतर या प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिखित रूप में सहमत ऐसी विस्तारित अवधि के भीतर और पूरी तरह से उसके विवेक पर भुगतान करना होगा। 12. सफल बोलीदाता द्वारा शेष राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर राशि, बोलीदाता द्वारा भुगतान की गई पूरी जमा राशि बिना किसी सूचना के जब्त कर ली जाएगी जब तक कि सुरक्षित लेनदार (बैंक) द्वारा लिखित रूप में समय को आगे नहीं बढ़ाया जाता है और संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। भुगतान प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में किया जाना है, जो सममूल्य पर देय है। 13. यदि सफल बोलीदाता नीलामी बिक्री के नियमों और शर्तों का पालन करने में विफल रहता है, तो ईएमडी राशि बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त करने के लिए उत्तरदायी होगी। 14. बैंक को बिक्री के तहत संपत्ति के संबंध में सरकार या किसी और को किसी भी शुल्क, ग्रहणाधिकार, अतिक्रमण, संपत्ति कर या किसी अन्य बकाया के लिए जिम्मेदार/उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा। बैंक उक्त चल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में बिक्री के लिए पेश की गई सुरक्षित संपत्तियों/चल संपत्तियों के संबंध में कोई अनुमति/लाइसेंस आदि प्राप्त करने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है। 15. एक्सिस बैंक लिमिटेड उच्चतम और / या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए नीलामी को स्थगित / स्थगित करने और बिना पूर्व सूचना के बिक्री के किसी या सभी नियमों और शर्तों को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 16. उच्चतम बोली की स्वीकृति बैंक के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन होगी। बैंक सरफेसी नियम, 2002 के तहत निर्धारित किसी भी तरीके से संपत्तियों को बेचने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है। 17. सफल बोलीदाता को कानून के अनुसार लागू जीएसटी, स्टांप ड्यूटी पंजीकरण शुल्क, अन्य कर, आकस्मिक खर्च आदि जैसे हस्तांतरण के लिए देय शुल्क/शुल्क/कर यदि कोई हो का भुगतान करना चाहिए। सफल बोलीदाता को सभी वैधानिक बकाया भी वहन करना होगा। 18. बैंक/प्राधिकृत अधिकारी किसी भी कारण से, जिसे वह उचित समझे, या बिना कोई कारण बताए भी बिक्री को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं और ऐसे रद्दीकरण पर बोलीदाताओं द्वारा प्रश्न नहीं उठाया जाएगा। 19. निविदा में भाग लेने से पहले परिसंपत्तियों और विशिष्टताओं के बारे में स्वयं का निरीक्षण करना और संतुष्ट होना निविदाकर्ताओं की जिम्मेदारी है। 20. बिक्री प्रमाणपत्र/बिक्री का प्रमाणपत्र पूरी बोली राशि और अन्य शुल्क, यदि कोई हो, जिसमें जीएसटी/टीडीएस भी शामिल है, जहां भी लागू हो, का भुगतान करने के बाद ही वितरित किया जाएगा। 21. विशेष निर्देश और सावधानी: बोलीदाताओं को अपने हित में अंतिम मिनटों/सेकंड में बोली लगाने से बचना चाहिए। ऐसे मामलों में विक्रेता की ओर से किसी भी चूक/विफलता (इंटरनेट विफलता, बिजली विफलता आदि) के लिए न तो एक्सिस बैंक और न ही सेवा प्रदाता जिम्मेदार होगा। 22. बिक्री की विस्तृत शर्तों के साथ बिक्री सूचना एक्सिस बैंक लिमिटेड की वेबसाइट www.axisbank.com/auction-notices लिंक पर उपलब्ध है।

**दिनांक: 06.11.2024**
**स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड


---

## सबालेंका ने डब्ल्यूटीए फाइनल के अंतिम चार में प्रवेश किया

एजेंसी ▶▶| रियाद

आर्यना सबालेंका ने ग्रुप चरण में लगातार दूसरी जीत दर्ज करके दुनिया की चोटी की आठ खिलाड़ियों के बीच खेले जा रहे डब्ल्यूटीए फाइनल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका ने जैस्मीन पाओलिनी को 6-3, 7-5 से पराजित किया।

उन्होंने पहले सेट में बेहतरीन शुरुआत करते हुए 4-0 की बढ़त बनाकर इसे आसानी से अपने नाम किया और फिर दूसरे सेट में दो सेट प्वाइंट बचाकर अंतिम चार में अपनी जगह सुनिश्चित की।



### सबालेंका का सामना आज एलेना से

सबालेंका ग्रुप के अपने अंतिम लीग मैच में बुधवार को एलेना रयबाकिना का सामना करेगी जो सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी है। राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के आखिरी मैच में जीत दर्ज करने से वह अपने करियर में पहली बार साल के अंत में नंबर एक रैंकिंग पक्की कर लेंगी।

## 'घायल शेर' भारत से बचकर रहना होगा हेजलवुड ने अपनी टीम को चेताया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड ने अपनी टीम को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर आगाह किया है। हेजलवुड ने कहा कि न्यूजीलैंड से सीरीज गंवाने के बाद टीम इंडिया घायल शेर की तरह है, इससे बचकर रहना होगा। न्यूजीलैंड ने भले ही भारत को 3-0 से हराकर घरेलू मैदान पर पहली बार टेस्ट सीरीज में क्लीन स्वीप किया हो, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई पेसर जोश हेजलवुड बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले भारतीय टीम की इस हार को ज्यादा तवज्जो नहीं दे रहे। 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अपनी टीम को आगाह किया है।



### सीरीज हार से भारत का विश्वास हिला

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हार से भारत का विश्वास जरूर हिला होगा। टीम इंडिया के कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं लेकिन कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं, जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं। इसलिए उन्हें ये नहीं पक्का होगा कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया में कैसी चुनौती मिलेगी।

### किसी सोए हुए दिग्गज को जगाने जैसा

हेजलवुड ने न्यू साउथ वेल्स के लिए शेफील्ड शील्ड मैच के बाद कहा, ऐसा कहा जा सकता है कि यह किसी सोए हुए दिग्गज को जगाने जैसा है। मुझे लगता है कि भारत घायल शेर की तरह वापसी के लिए तैयार होगा। सीरीज शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रहीं।

---

**30 एसोसिएट देश के खिलाड़ी भी रहेंगे नीलामी का हिस्सा**

# आईपीएल की नीलामी 24-25 को, 1574 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में खिलाड़ियों की नीलामी होगी। अबादी अल जोहर एरिना में सारे कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस दौरान 1,574 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी। इसमें 1,165 खिलाड़ी भारतीय और 409 खिलाड़ी विदेशी सरजमीं के होंगे। कैप्ड 320 और 1,224 अनकैप्ड खिलाड़ी होंगे। 30 एसोसिएट देश के खिलाड़ी भी नीलामी का हिस्सा रहेंगे। 10 फ्रेंचाइजी के पास कुल 641.5 करोड़ रुपये हैं। बता दें कि जब ये नीलामी चल रही होगी तब भारत और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट मैच जारी रहेगा।

### 10 फ्रेंचाइजी के पास 641.5 करोड़ रुपये




### नीलामी को लेकर जानकारी

भारत के 48 और 272 अंतरराष्ट्रीय कैप्ड खिलाड़ी नीलामी में नजर आएंगे। अनकैप्ड भारतीयों में 152 खिलाड़ियों की नीलामी होगी। अनकैप्ड 3 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नीलामी में होंगे। 965 भारतीय और 104 अनकैप्ड अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा होंगे। नीलामी में ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, श्रेयस अय्यर और केएल राहुल जैसे स्टार खिलाड़ी नजर आने वाले हैं।

### रिटेन किए गए खिलाड़ियों में क्लासेन सबसे महंगे

सनराइजर्स हैदराबाद ने हेनरिक क्लासेन को सबसे ज्यादा पैसे में रिटेन किया है उन्हें 23 करोड़ रुपये मिले हैं। क्लासेन ने 16 मुकाबले में 3 बार नाबाद रहते हुए 479 रन बनाए थे। आईपीएल 2023 में उनके बल्ले से 12 मैच में 177.08 की स्ट्राइक रेट से 448 रन निकले थे।

### किसके पास कितने रुपये?

| | |
|---|---|
| पंजाब किंग्स | - 110.5 करोड़ |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | - 83 करोड़ |
| रुपये दिल्ली कैपिटल्स | - 73 करोड़ |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | - 69 करोड़ |
| गुजरात टाइटन्स | - 69 करोड़ |
| चेन्नई सुपर किंग्स | - 55 करोड़ |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | - 51 करोड़ |
| सनराइजर्स हैदराबाद | - 45 करोड़ |
| मुंबई इंडियंस | - 45 करोड़ |
| रुपये राजस्थान रॉयल्स | - 41 करोड़ रुपये |

**नीलामी में किस देश के कितने खिलाड़ी**

जिम्बाब्वे के 8, वेस्टइंडीज के 33, यूएसए के 10, यूएई के 1, श्रीलंका के 29, दक्षिण अफ्रीका के 91, स्कॉटलैंड के 2, न्यूजीलैंड के 39, नीदरलैंड के 12, इटली के 1, आयरलैंड के 9, इंग्लैंड के 52, कानाडा के 4, बांग्लादेश के 13, ऑस्ट्रेलिया के 76 और अफगानिस्तान के 29 खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा होंगे।




# कुदरत का अनोखा नमूना! दो सिर, दो जिस्म, पर एक दिल

## ऐसा मामला देख डॉक्टर भी हैरान

एजेंसी ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश के शहडोल मेडिकल कॉलेज से जुड़वा बच्चों के जन्म से जुड़ा एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसके बाद दो जिस्म एक जान वाली फिल्मी लाइन सच साबित हो गई है। इन जुड़वा बच्चों के पास जिस्म तो दो हैं, पर जान यानी दिल सिर्फ एक ही है। डॉक्टरों के अनुसार, मेडिकल साइंस में ऐसा सिर्फ लाखों में एक ही मामला सामने आता है।

### दो जिस्म, एक जान

शहडोल के मेडिकल कॉलेज में पैदा हुए दो जुड़वा बच्चों का पेट आपस में जुड़ा है। इन बच्चों के चार पैर, चार हाथ, दो सिर हैं, जबकि इनके पास दिल सिर्फ एक ही है, यानी जिस्म दो है पर जान एक ही है।



### घबरा गए हैं परिजन

शहडोल के बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में जुड़वा बच्चों का जन्म हुआ है। इन बच्चों के दो सिर, चार हाथ और चार पैर हैं, लेकिन दिल एक ही है। इन बच्चों के जन्म लेने के बाद परिजन घबरा गए हैं। वहीं, डॉक्टरों की टीम भी हैरान है। डॉक्टरों के अनुसार, ऐसे मामले सिर्फ लाखों में एक ही सामने आते हैं।

### ऐसे जुड़वां बच्चे लाखों में सिर्फ एक

डॉक्टरों और रिपोर्ट्स की मानें तो, कंजॉइन्ड ट्विन्स वे बच्चे होते हैं जो जन्म के समय पूर्व विकसित नहीं हो पाते हैं। भ्रूण का पूर्ण विभाजन नहीं होता, जिससे जुड़वा बच्चे शरीर के कुछ हिस्सों को साझा करते हैं। ये जुड़वां बच्चे बहुत दुर्लभ होते हैं, और डॉक्टरों का अनुमान है कि 2 लाख जीवित जुड़वा बच्चों में से केवल 1 में ऐसे जुड़वां बच्चों का जन्म होते हैं।

### जुड़े जुड़वां बच्चों के भी कई प्रकार

- थोरैकोपैगसः इस केस में ऊपरी छाती से निचली छाती तक बच्चे जुड़े होते हैं और आमतौर पर एक दिल साझा करते हैं।
- थोरैको-ओम्फालोपेगसः इस केस में जन्म के समय ऊपरी छाती से निचले पेट तक जुड़े होते हैं, इनमें हमेशा एक दिल होता है।
- ओम्फालोपेगसः इसमें बच्चों के पेट में जुड़े होते हैं, दिल साझा नहीं करते, लेकिन यकृत और पाचन तंत्र साझा कर सकते हैं।
- परजीवी जुड़वांः इनमें एक जुड़वां छोटा और कम विकसित होता है, जो बड़े जुड़वां पर निर्भर रहता है।

# जिंदगीभर गरीब रहा, 75 लाख की लगी लॉटरी तो एक्सीडेंट में चली गई जान

कोच्चि। खराब किस्मत कहें या फिर विधि का विधान, लेकिन एक गरीब बुजुर्ग के साथ कुछ ऐसा हुआ जो शायद किसी के साथ नहीं हुआ। तीन महीने पहले केरल लॉटरी का 75 लाख रुपए का पहला पुरस्कार जीतने वाले व्यक्ति का सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। 75 वर्षीय एम.सी. याकूब, जो कडयिरुप्प के एड्झिप्रंमनयथ के निवासी थे, एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में उसकी मौत हो गई।




### दुर्घटना का विवरण

कोलंचेरी के निकट मूशारिप्पड़ में यह दुर्घटना हुई। मूशारिप्पड़ की ओर आ रहे याकूब ने सड़क पर मुड़ते समय विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल याकूब को कोलंचेरी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पुरस्कार की जानकारी

तीन महीने पहले याकूब ने 'स्त्री शक्ति लॉटरी' का पहला पुरस्कार जीता था। 75 लाख रुपए की पुरस्कार राशि याकूब को तीन सप्ताह पहले मिली थी। अचानक आई किस्मत की खुशी परिवार को गहरे दुख में डाल गई। याकूब पहले एक पुरानी कार के शोरूम में कर्मचारी थे। उनके परिवार में पत्नी, मरी और बच्चे जिबू और जिली हैं।







# पान की कीमत 5000 रुपए, जानिए क्यों है इतना महंगा

जयपुर। जामनगर के जकातनाका इलाके में जवाहर पान की दुकान खुली है। इस पान की दुकान की नींव 20 साल पहले रखी गई थी, जिसने जल्द ही बहुत अच्छी प्रतिष्ठा हासिल कर ली। दुकान चलाने वाले राजाभाई तन्ना को विभिन्न प्रकार के पान बनाने का बहुत शौक था, इसलिए उन्होंने पान की दुकान का व्यवसाय शुरू किया। उन्होंने अब कुल्लड़ पिज़्ज़ा की तरह कुल्लड़ (मटका) पान बनाना शुरू कर दिया है। यहां विभिन्न प्रकार की पत्तियां 50 रुपए से लेकर 5051 रुपए तक की



कीमत पर उपलब्ध हैं। किशमिश, अंजीर, चॉकलेट, सूखे मेवे सहित कुल्लों में काजू के पत्ते पाए जाते हैं। सबसे पहले कुल्लड़ में पत्ते डाले जाते हैं। इसके बाद एक पैन में काठो, चटनी, खजूर, सुपारी, सौंफ और चॉकलेट, ड्राई फ्रूट समेत किसी भी तरह के फ्लेवर वाले पैन को मिक्स कर लिया जाता है। फिर पान को आवश्यक सामग्री से बनाया जाता है, जिसे अत्यधिक पसंद किया जाता है। यह भी दावा किया जाता है कि पत्ते को फ्रीजर में न रखने पर भी वह दो दिन तक खराब नहीं होता है। विशेष विवाह कार्यक्रम और पहली रात का पान भी ऑर्डर पर बनाया जाता है।











## दुकान पर ब्रेड खरीदने गया था शख्स, लौटा 'करोड़पति' बनकर

वॉशिंगटन। अपनी जिंदगी में पैसे भला कौन नहीं कमाना चाहता. कुछ लोगों को ये आसानी से मिल जाते हैं तो कुछ लोगों को इसके लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है। बिना मेहनत के दौलत का मिल जाना तो भाग्य की बात है। लेकिन, इसे संभाल पाना इंसान का अपना हुनर होता है। जिन्हें ये हुनर नहीं आया, उनके हाथ से पैसे रेत की तरह सरक जाते हैं। वहीं कुछ लोग इसका बेहतरीन इस्तेमाल कर लेते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबक फैक्ट्री में काम करने वाले 34 साल के ल्यूक हैरिस नाम के शख्स के साथ जो हुआ, उसे किस्मत ही कहते हैं। कहां वो सिर्फ एक ब्रेड खरीदने के लिए गया था और कहां वापसी में वो करोड़पति बन चुका था। उसने कोई छोटी-मोटी रकम नहीं, बल्कि एक ही झटके में 10 करोड़ पा लिए। ये कहानी एक मामूली फैक्ट्री वर्कर की है। 34 साल के ल्यूक हैरिस कहीं जा रहे थे, इसी बीच वे रास्ते में एक ब्रेड का लोफ खरीदने के लिए उतरे, ताकि अपने परिवार के लिए कुछ लंच बना सकें। ल्यूक को आइडिया भी नहीं था कि किस्मत उस पर कितनी मेहरबान थी। ब्रेड खरीदने के साथ ही उसने एक स्क्रैचकार्ड भी खरीद लिया। वो कार्ड लेकर अपनी गाड़ी में पहुंचा और जल्दी-जल्दी उसे स्क्रैच करने लगा। उसने कार्ड स्क्रैच करने के बाद जो देखा, उस पर ल्यूक की आंखों को यकीन ही नहीं हुआ। कहां वो सोच रहा था कि अगर 1000 रुपए भी मिल गए, तो वो खुश हो जाएगा और कहां उसके हाथ जैकपॉट कर चुका था।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com